## स्पीड न्यूज

### झरिवा पंचायत के स्वयंसेवक के खिलाफ प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीण



**चैनपुर पलामू (प्रेम रंजन तिवारी)।** झरिवा पंचायत के स्वयंसेवक महेंद्र शर्मा के खिलाफ ग्रामीण शनिवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बीडीओ नितेश भास्कर को आवेदन देकर अबुआ आवास चयन में स्वयंसेवक ने गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्हें हटाने मांग की है। आवेदन में पंचायत की मुखिया बबिता देवी व पंसस चंचला कुमारी ने भी ग्रामीणों की बात का समर्थन किया है। आवेदन देनेवालों में ममता शर्मा, भरत भुइयां, सुजीत शर्मा, नौशाद अंसारी, काशी साह, मनीष कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, बबलू कुमार, कांति देवी, कविता देवी, ममता देवी, सूबेदार शर्मा, प्रभु शर्मा थे।

### छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र में विधायक पुष्पा ने किया है बेहतर कार्य

**पाटन पलामू।** जन संघर्ष मोर्चा की बैठक किशुनपुर ग्रामीण बैंक के परिसर में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने की व संचालन शैलेश मेहता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित थे। बैठक में 2019 में भाजपा उम्मीदवार पुष्पा देवी तथा मनोज कुमार जी को जनसंघर्ष मोर्चा ने समर्थन दिया था उसकी समीक्षा की गयी। मौके पर विधायक पुष्पा देवी के किये गये कार्य को देखते हुए पुनः जनसंघर्ष मोर्चा ने आने वाले चुनाव में अपना समर्थन देने की घोषणा की। बैठक में मानवाधिकार सहायता संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि पुर्व के प्रतिनिधि के द्वारा तुष्टिकरण की राजनीति कर जनता पर राज्य करने का काम किया लेकिन वर्तमान विधायक ने सबके दिलों रहकर काम किया। बैठक में भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जहांसी पंचायत के पंचायत समिति गुबेश भुइयां, भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष सुरत भुइयां, समाजसेवी झरी मियां, मकबुल अंसारी, छोटु उपाध्याय, बबलू उपाध्याय, राधेश्याम मेहता आदि थे।

### भाजपा मंडल के बूथों पर सुनी गयी पीएम के मन की बात कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, पशुपति शर्मा, जितेंद्र सोनी, कामता सिंह, उमाशंकर सिंह, अखिलेश सिंह, अंजय सिंह, अभय सिंह, नीरज सिंह, विपिन शुक्ला, रविनाथ साहू, बहादुर मेहता, शांति पांडे, सत्येंद्र सिंह कार्यक्रम सुने।

### पलामू के सभी प्रखंड व पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार होगा जल्द



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने धनंजय पासवान को जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसके बाद पहली बार परिसदन में प्रेस वार्ता किया। श्री पासवान ने कहा कि पार्टी ने जिस आशा व उम्मीद के साथ मुझे जिला का कमान दिया है उस पर खरा उतरूंगा। इसके साथ ही नये व पुराने लोगों को मिलाकर समाजिक समरसता के तहत जिला से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार एक सप्ताह में कर दिया जायेगा। 15 अगस्त के बाद पलामू जिला के पांचों विस स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव, रामनाथ चंद्रवंशी, कमल चौधरी, अरूण चंद्रवंशी, युवा जिलाध्यक्ष केदार यादव, महावीर चंद्रवंशी, साहिल साहनी, रूबी निशा, मुस्ताक अहमद, रहमतुल्लाह अंसारी, सुलेमान अंसारी, राजु भुइयां आदि मौजूद थे।

### पूर्व बीडीओ सह शिव परिवार के संस्थापक हरेंद्र की पत्नी के जन्म दिन पर पौधरोपण



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के पूर्व बीडीओ व शिव शिष्य परिवार के संस्थापक हरिद्रानंद की पत्नी नीलम आनंद के जन्मदिन पर पाटन शिव परिवार ने पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम जल जंगल बचाओ एवं पेड़ लगाओ अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पांडेय, पाटन सीओ प्रवीण सिंह उपस्थित थे। पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पाण्डेय ने कहा कि शिव शिष्य हरिंदरानंद जी बताये रास्ते पर शिव परिवार पौधरोपण किया जा रहा है। पाटन सीओ प्रवीण सिंह ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रखंड कॉलोनी में निर्माणाधीन बगवानी में पौधरोपण किया।

### संकल्प ऑफ डेवलपमेंट फाउंडेशन ने इंजीनियर छात्रों को दिया प्रमाण पत्र



**चैनपुर (पलामू)।** स्वयंसेवी संस्था संकल्प ऑफ डेवलपमेंट फाऊंडेशन ने संस्था में इंटर्नशिप कर रहे इंजीनियरिंग के छात्रों को प्रमाण पत्र दिया। संकल्प ऑफ डेवलपमेंट में दिव्यांशु रंजन तथा अभिषेक कुमार 15 जून से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनीत सुंदरम ने संकल्प में सोशल मोबलाइज के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु को उज्जवल भविष्य की बधाई दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुलाम हैदर ने कहा कि संकल्प ऑफ डेवलपमेंट फाउंडेशन सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाला एक प्रमुख ऑगेनाईजेशन है। प्रशिक्षण के दौरान आप लोग सामाजिक क्षेत्र में आने वाले समस्याओं से अवगत हुए तथा कम संसाधन में बेहतर कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया है इंजीनियरिंग कंप्लीट होने के बाद हमें आशा है आप समाज को एक नई दिशा देंगे। संस्था के सेक्रेटरी सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप पांडे ने कहा कि सृष्टि को बचाने के लिए पर्यावरण का विकसित होना जरूरी है।

# पांकी में पति को चाकू से मारकर हत्या की आरोपी पत्नी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने पांकी पति को चाकू से मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी पत्नी अमृता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पांकी पुलिस ने बताया कि 24 व 25 जुलाई की रात्र पांकी थाना अंतर्गत बिजली ऑफिस के सामने एक घर में हत्या की घटना हुई थी। पांकी पुलिस सूचना के सत्यापन के क्रम में पता चला कि दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अजय राम पिता स्व सुखलाल राम की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की थी। मृतक अजय राम की पत्नी अमृता देवी के फर्द बयान पर पांकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पांकी पुलिस ने बताया कि एसपी के निर्देश व सीडीपीओ के निर्देश में टीम गठित की गयी। उक्त टीम पांकी पुलिस निरीक्षक पांकी अंचल पुनम टोपे के नेतृत्व में घटना का उदभेदन कर लिया। कांड के अनुसंधान में पता चला कि मृतक अजय राम की पत्नी अमृता देवी के द्वारा अपने प्रेमी के साथ षडयंत्र कर हत्या करायी थी।

# सरकार बनी तो दूर होगी समस्याएं : अरुणा शंकर





जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याएं सुनतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

- अरुणा शंकर ने सतबरवा, पोलपोल, पोची, बारी का दौरा कर सुनी समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा, पोलपोल, बारी, पोची का सघन दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में की जा रही योजनाओं को ग्रामीणों एवं बुद्धिजीवियों के बीच रखा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने इस जन सम्मान यात्रा के दौरान सतबरवा में सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद आर्य, पोलपोल सचिंद्र कुमा संतोष पांडे, बारी में महेश्वर सिंह, निर्मल सिंह, पृथ्वी राम, उमाकांत सिंह, पोचो में डॉ अशोक राम, केश्वर सिंह, सतीश सिंह चेरो, नामदेव मिस्त्री, संजय लाल, अजय राम को सम्मानित करते हुए क्षेत्र की समस्या को भी समझा। प्रथम महापौर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार आते ही क्षेत्र की समस्या को प्राथमिकता में दूर करायी जायेगी। स्थानीय लोगों ने प्रथम महापौर से मिलकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो जनता के पास जाए और समस्याओं को सुने ना कि जनप्रतिनिधि बनने के बाद क्षेत्र से लापता हो जाये। इस अवसर पर सतीश साहू, आशीष सिन्हा सतबरवा, सांसद प्रतिनिधि मनीष गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय प्रसाद समेत कई लोग शामिल थे।

# एसएसके फ्यूल्स के टैंकर का चालक करता था जालसाजी : दीपक विश्वकर्मा

- टैंकर चालक जनकधारी बीच रास्ते में ही इंधन का चोरी करता था : गजेंद्र चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लोग।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के पांकी विधानसभा क्षेत्र के सगालिम स्थित एचपीसीएल आउटलेट पेट्रोल पंप के संचालक एसएसके फ्यूल का अपना जेएच02बीडी -2945 टैंकर से पेट्रोल व डीजल का ढुलाई किया जाता था। जिसका चालक जनकधारी प्रजापति पति रविंद्र प्रजापति ग्राम तीसीबार थाना नावा जयपुर द्वारा किया जाता था। इसके साथ उप चालक पप्पू कुमार रहता था। जो दोनों मिलकर इंधन का चोरी विगत कई वर्षों से करते आ रहे थे। इस संबंध में एसएसके फ्यूल्स के मैनेजर दीपक विश्वकर्मा, चेकर गजेंद्र चौरसिया व नोजल मैन विनय यादव ने संयुक्त रूप से होटल स्वागत में प्रेस वार्ता किया। इन लोगों ने चौंकाने वाला तथ्य उजागर करते हुए बताया कि टैंकर के चालक जनकधारी प्रजापति द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर जालसाजी एवं लूट की घटना को अंजाम बहुत ही सरीके तरीके से दिया जा रहा था। जिसकी खुलासा जांच के दौरान पता चला। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि जनकधारी प्रजापति द्वारा जब भी ईंधन लेकर पेट्रोल पंप पर आता था तो कुछ ईंधन कम पाया जाता था। इस पर पूछे जाने पर जनकधारी सफाई देते निकल जाता था। इनलोगों ने बताया कि चालक जनकधारी पर शक हुआ तो उसका पीछा हमलोग करना शुरू किये। पीछा करते हुए ओरमांझी के पास एक हातानुमा स्थान पर उक्त ट्रक के चालक द्वारा घुसा दिया गया। इसके बाद चालक टैंकर के ऊपर चढ़कर कंपनी के द्वारा लगाये गये सील को बारिकी से हटाकर टैंकर में पंप लगाकर तेल की चोरी की जा रही थी। जिसका फोटो हमलोगों ने लिया। इसके बाद इसके चोरी का खुलासा किया गया। जनकधारी इतना ही नहीं डीटी प्लस एकाउंटस के माध्यम से ओटीपी का सहारा लेकर जालसाजी करते हुए 11 लाख से अधिक रुपये का हेराफेरी किया गया है।

**एसएसके फ्यूल्स संचालक ने टैंकर चालक पर दर्ज कराया मामला : सिम्मी मेहता**

पांकी विस क्षेत्र के सगालिम स्थित एचपीसीएल आउटलेट कंपनी ने पेट्रोल पंप स्थापित किया। जिसका संचालन मेसर्स एसएसके फ्यूल्स कर रहा है। इस फ्यूल्स में डीजल व पेट्रोल की बिक्री होती है। इस पंप का अपना टैंकर (जेएच 02 बीडी 2945) से इंधन की ढुलाई करता था। जिसका चालक जनजधारी प्रजापति पिता रविंद्र प्रजापति ग्राम तीसीबार थाना नावा जयपुर था। वह जालसाजी कर 11 लाख 66 हजार दो सौ रुपये की निकासी विभिन्न पेट्रोल पंप से किया गया है। इसकी प्राथमिकी पंप संचालक डॉ सिम्मी मेहता पिता डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने ओरमांझी थाना व साइबर अपराध थाना रांची में आवेदन देकर कराया है। आवेदन से कहा गया है कि इंधन लाने के क्रम में बीच रास्ता में ही चालक इंधन बेच देता था। साथ ही कंपनी ने डीटी प्लस कार्ड को दिया था, उसमें गलत तरीके से चालक जनकधारी प्रजापति अपना मोबाईल नंबर लिंक करा लिया था।

### पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता बोले

# पीएम मोदी की मन की बात ऊर्जा का संचार करनेवाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की उपस्थिति में नीलाम्बर पीताम्बरपुर के मौर्या फार्म हाउस बुथ संख्या 139 में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 112 वी एपीसोड को सुना गया। बिधायक डॉ मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात को सम्मानित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मोदी जी की मन की बात प्रेरणादायी व ऊर्जा का संचार करने वाला है। डॉ मेहता ने कहा कि मोदी जी मन की बात को हम शुरू से सुनते रहे हैं। मौके पर निजी सहायक सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, शंकर शुक्ला, राजेंद्र यादव, महेश यादव, संतोष वर्मा, रोशन सिंह, अखिलेश चंद्रवंशी, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# देशस्तर पर आदिवासी का अमिट छाप : हरेराम सिंह चेरो

- राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं झारखंड प्रदेशस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित
- पलामू किला का जीर्णोद्धार होगा : विधायक रामचंद्र सिंह

मिन्हाज आलम





**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातिय महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं झारखंड प्रदेश के चेरो जनजातीय कार्यकर्ता सम्मेलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित की गयी। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूपी दूधी के पूर्व विधायक हरेराम सिंह चेरो, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर व राजा मेदिनीराय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन में आदिवासियों की गिरती हुई अर्थव्यवस्था, घटती जनसंख्या, उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान तथा हक व अधिकार समेत कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरेराम सिंह चेरो ने कहा कि आदिवासी समाज का देश स्तर पर गौरवमयी इतिहास रहा है। देश आजादी के पूर्व विभिन्न प्रांतों में आदिवासी की राज स्थापित रहा है। जिन्होंने अपना अमिट छाप छोड़ा है। चाहे राजा मेदिनीराय का राज रहा हो, सिद्धो कान्हू, नीलांबर पीतांबर, चांद भैरव जैसे सरीखे कई आदिवासी वीर योद्धा रहे हैं जो अंग्रेजों के समय गुलामी प्रथा को समाप्त करने में अपना अहम योगदान निभाते वीर गति को प्राप्त हुए हैं।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण ने किया जनसंपर्क



**मेदिनीनगर।** जनसंपर्क यात्रा के 21वें दिन कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम पतरिया, बनखेता, तालापारा, बरांव, चढनवा, खजुरिया, बरवाही, करमाहा, हरिणामाड़, ओड़नार, एवं बरवाडीह में जनसंपर्क किया। इस यात्रा में ललन तिवारी की पत्नी का स्वर्गवास होने पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके पश्चात श्रवण ओझा राम राज चौरसिया, रामबली चौधरी, धाना चौधरी, सुदामा चौधरी, राम किशुन यादव, कांग्रेस पार्टी के पंचायत राज के अध्यक्ष रुद्रेश्वर तिवारी, अजीत कुमार तिवारी जीतेन्द्र सिंह फेकन विश्वकर्मा, राजदेव प्रजापति, सुमेर तिवारी, राजेंद्र तिवारी एवं सूर्य नारायण तिवारी, सुकन चौधरी, अरविंद चौधरी, कन्हैया ठाकुर, मीठु साव, बिनय सिंह, जगदीश महरा एवं बीरेंद्र राम से संपर्क स्थापित किया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय शामिल थे।

### अवैध खनन और बालू उठाव पर पांडू पुलिस सख्त



**पांडू पलामू।** पांडू पुलिस ने इन दिनों अवैध खनन को लेकर लगातार छापामारी कर रही है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने कहा कि पांडू थाना क्षेत्र में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अवैध खनन करने वाले सभी लोग अपने आप में सुधार कर लें। अवैध खनन रोकने के लिए पांडू पुलिस टीम बनाकर लगातार छापेमारी की जा रही है। प्रत्येक बालू घाटों की पल-पल की जानकारी रखी जा रही है। पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। इधर बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है। अबुआ आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भी अब कोई बालू देने को तैयार नहीं।

### हुसैनाबाद पुलिस ने किया चोर गिरोह का भंडाफोड़



**हुसैनाबाद पलामू।** 24 जुलाई को शहर के अनुमंडल गेट रोड से हुई बाइक चोरी की घटना को हुसैनाबाद पुलिस ने दो दिनों के अंदर उद्भेदन कर चोरी की घटना पर लगाम लगाया है। बता दें कि 24 जुलाई को अनुमंडल गेट के समीप रोड एक स्प्लेंडर बाइक चोरी होने के संबंध में पीड़ित के आवेदन के आलोक में हुसैनाबाद थाना कांड के अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इस कांड अनुसंधान हेतु हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। जिसमें 27 जुलाई को गुप्त सूचना मिली की उक्त कांड में चोरी गयी बाइक टैक्सी स्टैंड जपला हैदर नगर रोड में एक व्यक्ति लेकर खड़ा है। इस सूचना पर छापामारी दल ने छापामारी के क्रम में उक्त कांड में चोरी गयी बाइक बिना नंबर का पाया गया।

# कंचन ढाबा के संचालक पर गोली चलानेवाले तीन धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** सतबरवा में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित कंचन ढाबा के संचालक पर शनिवार की रात्रि में गोली चलाने के आरोप में सतबरवा थाना पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गढ़वा जिला निवासी जितेंद्र कुमार पांडे, राहुल कुमार तथा सुरेंद्र विश्वकर्मा को ढाबा संचालक पर गोली चलाने के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा आरोपी के पास से एक स्कॉर्पियो व एक्सयूवी वाहन, दो राइफल, नौ राउंड जिंदा गोली, एक खोखा तथा चार मोबाइल को जप्त कर लिया गया है। एसआई विश्वनाथ राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कंचन ढाबा में शनिवार की रात्रि में खाना खाने के लिए आये।

### बिजली बिल वसूली शिविर का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में मौजूद प्रशाखा मोहम्मदगंज के कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप सिंह ने बताया कि लगभग 110 उपभोक्ताओं से 2,10,000 रुपये की वसूली की गयी है। शिविर में कैशियर लंकेश कुमार और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह भी मौजूद थे। श्री सिंह ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे शीघ्रता से कार्यालय में आकर अपने बकाया बिलों का भुगतान करें।

# सामाजिक संघर्ष की बुनियाद पर बहुजन की नींव रखी : दिनकर

- हुसैनाबाद में बसपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में झारखंड की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के रुद्रा होटल परिसर में रविवार को बसपा ने किया कार्यकर्ता समीक्षा बैठक की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं कांशी राम की तस्वीर पर पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष अजय भारती एवं उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने प्रदेश से आये हुए नेताओं को बुके देकर हुसैनाबाद में स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिलाध्यक्ष अजय भारती ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य प्रभारी सी दिनकर ने कहा कि देश मे एक तरफ विभाजनकारी शक्तियां हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस की नीति जो इस बहुजन समाज से नफरत करने वाली पार्टी।

### युवा कांग्रेस ने लॉन्च किया हर घर खटाखट कार्यक्रम

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचायी जायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम की लांचिंग करते कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज अली व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अजीत तिवारी, पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक और पलामू जिला युवा कांग्रेस सह प्रभारी विजय बहादुर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया। मौके पर राष्ट्रीय समन्वयक ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे और बताएंगे कि किस प्रकार झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने साढ़े चार वर्षों तक जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आज जिला में हर घर खटाखट कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है और इस कार्यक्रम के तहत हमारे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता चलो पंचायत - चलो वार्ड के नारे के साथ जिला के पंचायतों में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा जनता को दी जा रही योजनाओं की जानकारी और चर्चा जनता के साथ करेंगे।

**खास बातें :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि कैसे झारखंड सरकार ने सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना के माध्यम से 8 क्लास से लेकर 18 साल तक की छात्राओं को चालीस हजार, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, पुरानी पेंशन स्कीम योजना, मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना से करोड़ों लोगों को लाभान्वित कर रही है।

# ससुराल ले जाने के बहाने पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



घायल बेटी।

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के उल्मान घाटी जंगल में एक सनकी अधेड़ ने अपनी पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। बेटी की भी जान लेने की कोशिश की। उसे भी पत्थर से मारा और मृत समझ कर जंगल में फेंक दिया। हालांकि दिन और रात भर जंगल में पड़े रहने के बाद सुबह होश आने पर बेटी जख्मी हालत में नानी के घर पहुंची। इसके बाद इस घटना की जानकारी परिजन एवं ग्रामीणों को हुई। सूचना मिलने के बाद रामगढ़थाना प्रभारी राजेश रंजन व हुटार पिकेट प्रभारी रविकांत उरांव मौके पर पहुंचे। कई घंटे की मशक्कत के बाद रविवार दोपहर आरागड़ा जंगल से महिला का शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच शव भेज दिया गया। किशोरी को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। महिला की पहचान 45 वर्षीय मरियम देवी के रूप में हुई है, जबकि हत्या की कोशिश करने वाला अधेड़ उसका पति 50 वर्षीय देवानाथ कोरवा है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि देवानाथ कोरवा पिछले 3 महीने से उल्मान स्थित ससुराल में रह रहा था। शनिवार की सुबह 5 बजे अपने घर सरहुआ जाने के लिए पत्नी और बेटी के साथ निकला था। जख्मी बेटी रंगनी कुमारी ने जानकारी दी कि रास्ते में मां और पिताजी बातचीत के क्रम में झगड़ा कर रहे थे। पिता बार-बार मां को नहीं लड़ने की बात कह रहे थे। अचानक उन्होंने पत्थर से दोनों को मारा। उसे मरा समझ कर छोड़ दिया और मां की हत्या कर जंगल में ले जाकर डेड बॉडी फेंक दिया।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने किया ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी विभाग की समीक्षा

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष में ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं, कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से की एवं सभी योजनाओं को दिए गये समय पर पूर्ण करने को कहा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मौके पर सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा, कनीय अभियंता बृज कुमार मल्लिक एवं अन्य उपस्थित थे।

### नवयुवक संघ फुसरो से कांवरिया का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना

**बेरमो /फुसरो।** नवयुवक संघ महावीर मंदिर नया रोड फुसरो का जत्था रविवार को देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। इससे पहले शिव भक्तों ने नया रोड स्थित बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना कर बोल बम के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। बताया कि जत्था सुल्तानगंज बिहार से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल भरकर 105 - किलोमीटर पदयात्रा करते हुए द्वादश ज्योतिलिंग कामना बाबा बैजनाथ झारखंड पर जलाभिषेक करते हुए फौजदारी बाबा बासुकीनाथ के पूजन के साथ कांवर यात्रा संपन करेंगे। वही स्वजनों एवं साथियों ने उनको मंगलमय यात्रा के साथ रवाना किया। इस जत्था में मनोज ठाकुर, कमल तांती, सिकंदर ठाकुर, राहुल सिंह राजू जायसवाल, रूकेश भारती, राजा सिंह शामिल थे।

### बेरमो थाना परिसर में मिलन समारोह का आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** बेरमो थाना परिसर में बेरमो के नये पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के योगदान देने के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी, राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य, शांति समिति के सदस्य, युवा व्यवसायी संघ सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### बोकारो जनरल अस्पताल में नई सुविधाओं का उद्घाटन

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल में आज सीएमओ द्वारा माइक्रोबायोलॉजी विभाग में बायोसेफ्टी कैबिनेट और ऑटोमेटेड ब्लड कल्चर सिस्टम का उद्घाटन किया गया। यह उपकरण सीएमओ डॉ बीबी करूणामय लैब सर्विस के एचओडी डॉ श्रवण एएमआर कमेटी के चेयरमैन डॉ अनिंदा मंडल डॉ गजेंद्र सिंह और एएमआर कमेटी के सदस्यों की मदद से उपलब्ध हुआ है। इस उपकरण की महत्ता बताते हुए वरीय सलाहकार डॉ गौरव विशाल और सलाहकार डॉ वर्षा कुमारी ने बताया कि इस उपकरण से ब्लड कल्चर की संवेदनशीलता बढ़ जायेगी और रिपोर्ट भी औसतन कम समय में मिल जाएगा।

### देव शर्मा बने युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, हुआ जोरदार स्वागत

**बोकारो।** युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए देव शर्मा के पहली बार बोकारो आने पर कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं युवा लायंस फोर्स के नेताओं व कार्यकताओं ने चास गरगा पुल के समीप उनका भव्य स्वागत किया। इनमें बोकारो ज़िला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र चौबे नारायण सिंह चौधरी युवा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चन्द्रदेव रजवार श्री शर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल थे। देव शर्मा ने सर्वप्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीवी श्रीनिवास कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रभारी मीर साहब युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज प्रभारी ईशिता शेढा समेत कांग्रेस और युवा कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### पोक्सो एक्ट पर डालसा ने एक दिवसीय कार्यक्रम का किया आयोजन

# केस के बारिकीयों एवं सजा के प्रावधानों को कराया गया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से न्याय सदन में पॉक्सो एक्ट के तहत डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम झालसा, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय चंद्ररदायी के निर्देश पर आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज प्रथम, रमेश चंद्र, जिला जज, द्वितीय प्रकाश झा, जिला जज तृतीय राजेश सिन्हा, जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आकाश भारद्वाज एवं




द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते जज

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट यानि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्स एक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पॉक्सो अधिनियम को भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012 में अधिनियमित किया गया था। जिसके अंतर्गत बाल यौन शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पॉनोग्राफी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कड़े प्रावधान किए गये है। इसके उल्लंघन से जेल के साथ जुमार्ने का भी प्रावधान है। कार्यक्रम में पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए किस तरह केस को फ्रेम तैयार करना है। उसकी बारीकी को बताया गया। साथ ही पीड़िता को मुआवजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई करने की बात को बताया गया। कार्यक्रम के अंत में पोक्सो एक्ट के संबंध में ओपन सेशन भी रखा गया। जिसके अंतर्गत जिला जज प्रथम ने पोक्सो एक्ट की कार्यप्रणाली एवं इसमें आने वाले बाधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया।

कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक एलएडीसी ने किया। कार्यक्रम में न्यायलय के सभी न्यायिक दंडाधिकारी के साथ मेडिकल ऑफिसर डॉ शशिधर मिश्रा, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजकुमार उपाध्याय, ग्राम ज्योति सदस्य, संप्रेषण गृह के गृहपति अब्दुल गफ्फार, एलएडीसी सिकंदर मंडल, एपीपी चंपा कुमारी के साथ जिले के विभिन्न थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### जमीन विवाद को लेकर चाकू से मारकर एक व्यक्ति को किया घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी।** थाना क्षेत्र के करणपुरातो गांव में शनिवार शाम जमीन विवाद को लेकर चाकू से मारकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित करणपुरातो निवासी सुरेश ठाकुर 65 थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया है कि शनिवार संध्या मैं अपने घर पर घरेलू काम में व्यस्त था। इसी बीच सुदाम दास,मनोज दास दोनो पिता-सत्तन दास, प्रत्रतिक दास, पिता सुदाम दास, विष्णु दास,पिता-मनोज दास सभी करणपुरातो निवासी अचानक मेरे घर आकर रास्ते के मामले को लेकर गाली-गलौज करते हुए चारो मिलकर लाठी- डंडा से मारने लगा। सुदाम दास के हाथ में चाकू था, चाकू से सुदाम दास कई बार जान मारने के इरादे से वार किया। जिससे मेरे बांए गाल, सर, हाथ जख्मी हो गया और काफी खून निकलने लगा। उनके दोनों भाई प्रत्रतिक दास और विष्णु दास भी लाठी-डंडा से मारने लगा। जिससे मेरे गर्दन में चोट लगा मार-पीट एवं चाकू से बार करते देख मेरा पुत्र अजय ठाकुर मुझे बचाने आया। उसके उपर भी सुदाम दास चाकू से वार किया। जिससे वह भी जख्मी हो गया। हम दोनो मार खाने से बचने के लिए अपना घर घुस गये। फिर उक्त चारों के अलावे उनके घर से आशा देवी पति सुदाम दास एवं किरण देवी पति-मनोज दास मेरे घर आ गई और सभी मिलकर मार-पीट एवं गाली-गलौज करने लगा। हो-हल्ला होने पर आस- पास के लोग इकट्ठा होने लगे तभी सभी लोग धमकी देते हुए चले गये। वहीं मामले में एक व्यक्ति को पकड़ कर थाना लाया गया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई हेतु गुहार लगाया है।

# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने मानदेय की बढ़ोतरी को लेकर लेकर किया बैठक



बैठक कर विरोध करते शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष शिवरूप हांसदा एवं प्रखंड सचिव खलील अंसारी के संयुक्त अध्यक्षता में शिकारीपाड़ा पुराना अंचल परिसर में सहायक अध्यापकों की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें मुख्य रूप से शिक्षकों की लंबित सेवा संपुष्टि पर चर्चा की गई, शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेश अनुसार जनवरी माह 2024 में ही सेवा सपुष्टि कर 4 फीसदी वृद्धि कर मानदेय भुगतान करना था।

परंतु 7 महिना बीत जाने के बाद भी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा सेवा सपुष्टि का कार्य नहीं किया गया।

जिस कारण प्रखंड के 350 सहायक अध्यापक मानदेय वृद्धि के लाभ से वंचित है यह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का मनमानी एवं सरकारी आदेश का अवहेलना है। मौके पर उपस्थित सहायक अध्यापक संघ संघर्षमोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब ने बताया कि यदि जुलाई माह के मानदेय में 4 फीसदी वृद्धि का भुगतान नहीं होता है तो 7 अगस्त से प्रखंड के सहायक अध्यापक विद्यालय में पठन-पाठन के अलावा सभी रिपोर्टिंग कार्य का बहिष्कार करेंगे अर्थात 7 अगस्त से 4 फीसदी वृद्धि मिलने तक विद्यालय संबंधित कोई भी प्रतिवेदन जमा नहीं करेंगे जिसका जिम्मेवार प्रखंड शिक्षा प्रसार प्राधिकारी होगा।

यदि इससे भी बात नहीं बनी तो बीआरसी कार्यालय में एक दिवसीय तालाबंदी किया जाएगा। आज की बैठक में राजेश सिंह, बुद्धिनाथ हादसा, रॉबिन दत्त, उमेश भंडारी,कल्पना दत्त ,बिना पानी पाल, अख्तर अंसारी, खलील अंसारी, संजय पाल, कमलेश पंडित,अब्दुल रकीब, श्याम सुंदर मढैया, तनवीर आलम, मंजू हादसा, शिवरूप हांसदा, रविंद्र कुमार दास, हबीब अंसारी, संजय पाल आदि सहायक अध्यापक मौजूद थे।

### पाकुड़ छात्रावास में सोए छात्रों के साथ

# पुलिस बर्बरतापूर्ण रवैया को लेकर किया पुतला दहन



विरोध कर पुतला दहन करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** पाकुड़ जिला में रात्रि के समय छात्रावास में सोए छात्रों के साथ पुलिस द्वारा की गयी मारपीट को लेकर रविवार को आदिवासी मूलवासी मोर्चा एवं युवा संघ शिकारीपाड़ा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने दुमका रामपुरहाट राष्ट्रीय उच्च पथ के बजरंगबली चौक पर पाकुड़ पुलिस का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान झारखंड सरकार अब तो मुंह खोलो, पाकुड़ पुलिस अधीक्षक एवं टाउन थाना प्रभारी को निलंबित करो, घायल इलाजरत छात्र-छात्राओं को दो-दो लाख का मुआवजा दो एवं इसकी विस्तृत जांच करो, न्यायपालिका स्वत संज्ञान लेकर कार्रवाई करें आदि नारा लगा रहे थे। मौके पर युवा संघ के दुलाल बेसरा, राम सोरन, जोसेफ, आदिवासी मूल आदिवासी मोर्चा के संयोजक हाबिल मुर्मू के साथ राजेश मुर्मू सहित काफी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। सुरक्षा के ख्याल से पूरे शिकारीपाड़ा बाजार में पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में जैप के जवान तैनात किए गए थे।

### पिछले दस वर्षों में जो नहीं मिली वो पिछले एक महीने में क्यों मिलने लगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** पिछले दस वर्षों में राजमहल के जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा। ये दस वर्ष शिलान्यासों का वर्ष रहा हालांकि जनप्रतिनिधियों का आशीर्वाद भी रहा अनेकों छोटे -छोटे सड़कों का निर्माण हुए पर 6 महिने में ही सड़को का हाल? वेहाल हो गये।वाटर ए टी एम का निर्माण हुआ वो भी हाथी का दिखाने वाला दांत सावित हुआ, पानी निकला ही नहीं।मास्क लाईट लगवाया गया बहुतों जगह पर एक दो को छोड़कर सभी मास्क लाईट शो पीस बनकर रह गया। शौचालय का निर्माण तो हुआ पर कई शौचालयों का ताला कभी कभी ही खुलता है। सभी अपने -अपने पाकेट भरने के चक्कर अपने कर्तव्य को भूल गये,कि अपनी ड्यूटी क्या है।आज पिछले दस वर्षों में जर्जर सड़को के कारण राजमहल के जनता ने अपने भाईयों,बेटों,और न जाने कितनों को खो दिया।राजमहल? की व्यवसायिक वर्ग के मुख की लालिमा उड़ गया। लोग घड़ों से निकलना बंद कर दिया था,एक डर सबके दिलों - दिमाग में छाया रहता था कि घर से बाहर निकले तो घर वापस लौटकर आयेंगे तो ? सड़क किनारे में कितने को ये सड़क दिल का मरीज बना दिया और कितने भगवान के प्यारे हो गये। लेकिन फिर भी किसी जनप्रतिनिधियों का दिल में दया नहीं जगा।आज अचानक इतनी दया का सागर कहा से उमड़ पड़ा कि एक साथ सड़क ही नहीं राजमहल की सौन्दर्यीकरण की बात होने लगी।जी हां आपने सही सुना कि राजमहल में अचानक जो दस वर्ष में नहीं हुआ वो आज होने जा रहा है। सूत्रों का माने तो ये अचानक अलाउद्दीन का चिराग जलाने वाले कोई और है, उन्होंने कहा कि हमारे राजमहल विधानसभा के एक नेता जिन्होंने कई बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं पर इस बार जनप्रतिनिधि नहीं रहने के बाबजूद भी जनता के कई मांगों को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री के पास जाकर अपनी मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया साथ ही साथ राजमहल आने अनुरोध किया कि आप राजमहल आयें और मुख्यमंत्री अपने सरकारी कार्यक्रम से राजमहल आयें और और इसी क्रम में जनता के दुख दर्द को बहुत ही करीब से देखा और विभागों को निर्देश दिया कि जितना जल्दी हो सके कार्य को पूर्ण करें।

# बीएसएल में भार उठाने वाले चुंबक के इनोवेटिव रिपेयर से लाखों की बचत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के इआरएस के टीम की इनोवेटिव पहल से न सिर्फ एक पुराने खराब पड़े आयताकार भार उठाने वाले चुंबक का रिपेयर संभव हो पाया है बल्कि इससे संयंत्र को लाखों की बचत भी हुई है।

यह चुंबक सीओ एंड सीसी विभाग के वाई 2 बेल्ट के मैग्नेटिक सेपरेटर में प्रयुक्त होता है। गौरतलब है कि इआरएस विभाग प्लांट में इलेक्ट्रो-चुंबक ब्रेक कॉइल ईएमआर कॉइल क्लच कॉइल विशेष कॉइल विशेष प्रकार के कॉइल संचालित चुंबक स्लिप-रिंग्स इत्यादि के निर्माण व रिक्लेमेशन के लिए नियमित रूप से कार्य करता है। इसी कड़ी में इस टीम ने सीओ एंड सीसी विभाग में खराब पड़े 1500 मिमी चौड़ाई के चुम्बक के मरम्मत की पहल की जिसके कॉइल क्षतिग्रस्त थे और इसलिए पारंपरिक तरीकों द्वारा मरम्मत योग्य नहीं थे। इस चुम्बक की मरम्मत के लिए बाहरी एजेंसियों का सहारा लेना पड़ता जिसमें कुल लागत लगभग 12 लाख रुपए और न्यूनतम समय 6 महीने अनुमानित था। इआरएस के विभागाध्यक्ष बीके राय के निर्देश पर इआरएस के वरीय प्रबंधक नवीन कुमार वरीय तकनीशियन मो सलीम अंसारी और उनकी टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया।

# डीपीएस चास में आयोजित सांस्कृतिक समारोह का भव्य समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव सोल्लास संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन अध्यक्ष चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे तथा प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में अंतर्सदन नृत्य प्रतियोगिता थी जिसमें प्राइमरी विंग में गंगा सदन ने पश्चिम बंगाल का लोकनृत्य यमुना सदन ने राजस्थानी लोकनृत्य चेनाब सदन ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य तथा सतलज सदन ने झारखंडी लोकनृत्य पर अपने नृत्य प्रस्तुत किए। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यमुना सदन को प्रथम गंगा तथा चेनाब सदन को संयुक्त रूप से द्वितीय और सतलज सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर विंग में समूह नृत्य प्रस्तुति में सतलज सदन को प्रथम गंगा तथा



चेनाब सदन को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा यमुना सदन को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे ही तो विद्यालय की पहचान और ताकत होते हैं।

उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को नए-नए तरीकों से सशक्त बनाने व प्रोत्साहित करने की सलाह दी। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ हेमलता एस मोहन ने आविर्भाव की शानदार सफलता के लिए बच्चों शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने छात्रों को उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा अपने संदेश में उन्होंने छात्रों को पढ़ने की आदत विकसित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की सलाह दी। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक वीरेंद्र सिंह ने तथा संचालन शिक्षक विवेक कुमार तथा शायन भट्टाचार्या के निर्देशन में छात्रा तन्वी अक्षरा तथा अमारा और तेज ने किया।

### ट्रक के धक्के से नानी की दर्दनाक मौत, नाती जख्मी



घटना के बाद लगी लोगों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरैयाहाट।** हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर हंसडीहा स्थित जिला परिषद के डाक बंगला के समीप रविवार शाम ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान गोड्डा जिले के आसनबनी निवासी मेहरून निशा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार गोड्डा के आसनबनी निवासी मेहरून निशा अपने नाती मुकर्रम अंसारी के साथ बाइक से दुमका जा रही थी। जैसे ही बाइक लेकर वे लोग हंसडीहा स्थित डाक बंगला स्थित ब्रेकर के पास पहुँचे ही थे की पीछे से दुमका की ओर जा रही ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक के पीछे बैठी महिला मेहरून निशा के सर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मृतका के नाती मुकर्रम अंसारी घायल हो गया। घटना की सूचना पर एसआई कामेश्वर सिंह, मनीष सिंह, एलबी पासवान शिवजी सिंह, पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच शव को जब्त कर अपने कब्जे में लेकर घायल युवक को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सरैयाहाट पहुचाया। इधर घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक को पुलिस ओवरटेक कर रामगढ़ मोड़ के समीप पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। खबर लिखें जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

# जदयू किसी के अब्बा की पार्टी नहीं, हम सभी ने इसे खून पसीने से सींचा है : अशोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर के सेक्टर 12 स्थित जनता दल यू कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी की देखरेख में पार्टी की संपन्न बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जाति आधारित गणना कराने के मुद्दे पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन के लोग नीतीश कुमार जी द्वारा कराए गए जातीय आधारित गणना को अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह करने की प्रयास निरन्तर करती है और यहां पर सरकार में होने के बावजूद भी जाति आधारित गणना करने से कतरा रही है। बतौर मुख्य वक्ता अशोक चौधरी ने कहा कि जनता दल यू किसी के अब्बा की पार्टी नहीं है हम सभी ने इस दल को अपने खून पसीने से सींचकर बनाया है। उन्होंने कहा कि जद यू में हम सभी के नेता नीतीश कुमार है और रहेंगे।

श्री चौधरी ने कहा कि सरयू राय जी झारखंड के सम्मानित नेता है और पार्टी द्वारा किसी भी रूप से उनका संबंध पार्टी हित में होगा। पार्टी के किसी भी नेता को उनके खिलाफ बोलने में परहेज करने की जरूरत है।




बैठक की अध्यक्षता जदयू नेता प्रवीण कुमार ने की तथा संचालन दिवाकर महतो ने किया। अध्यक्षता करते हुए प्रवीण कुमार ने कहा कि दिनांक 4 अगस्त को पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन किया जाएगा।

उक्त सम्मेलन में पार्टी के राज्य स्तर के नेतागण भी भाग लेंगे। पार्टी को बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से डॉ के कुमार वाल्मीकि सिंह ओमप्रकाश प्रसाद शंकर स्नेही सिंह चंद्रभूषण सिंह कन्हैया महतो करमचंद महतो हरिद्वार यादव पानू महतो अशोक कुमार राज किशोर सिंह गोरचंद महतो जितेंद्र राय अरुण श्रीवास्तव महादेव महतो विजय यादव जनार्दन चौधरी तारकेश्वर प्रसाद गोविंद ठाकुर पंचू साह सतनारायण प्रसाद माखन कुमार श्याम नंदन सिंह अशोक राय राजकुमार बिष्टु महतो नूर आलम पप्पू सिंह अनिल कुमार सिंह नारायण कश्यप चक्रधर महतो श्याम बिहारी राय क्रांति कुमार आदि उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज

### माता रथाही कांवरिया संघ देवघर के लिए रवाना

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत माता रथाही कांवरिया संघ डंडाडीह से रविवार को कांवरिया का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। सभी श्रद्धालु भक्त सुल्तानगंज देवघर बासुकीनाथ पहुंचकर पूजा करने के पश्चात् घर लौटेंगे। जत्था में अर्जुन चौधरी, सहदेव शर्मा, मनीष पांडे, विकास पासवान, संजय कुमार पांडे, सकलदेव यादव, बसंत पासवान, शत्रु ठाकुर, राधेश्याम, संतोष, भोला साव आदि लोग रवाना हुए हैं।

### चेकडैम निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनतारा में चेकडैम निर्माण के दौरान रविवार को उसमें कार्य कर रहे एक मजदूर की बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 35 वर्षीय राजेंद्र मुर्मू सतगावां थाना क्षेत्र के बासोडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र मुर्मू उक्त चेकडैम निर्माण कार्य में लगा हुआ था और वह ढलाई के लिए छड़ की कटिंग कर उसे सीधा कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल के ऊपर से गुजरे तार से छड़ सट गई, जिसमें उसे करंट का जोरदार झटका लगा। इसके बाद स्थानीय एवं कार्य में लगे लोगों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे सभी मजदूर मौके से फरार हो गए।

### जगन्नाथ जैन कॉलेज में फ्रेशर एंड फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन कॉलेज के पीजी कॉमर्स विभाग में फ्रेशर एंड फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें पीजी कॉमर्स के सेमेस्टर एक और सेमेस्टर चार के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्राचार्य डॉ.मिथलेश उपाध्याय, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, शिक्षक डॉ.दीपक कुमार, डॉ.मुकेश कुमार, डॉ.राजेश कुमार, प्रो.आरएन.सिंह, डॉ. सुखदेव यादव व प्रशाखा पदाधिकारी रीतेश माधव का छात्र छात्राओं ने बुके व मोमेंटो देकर स्वागत किया। वहीं प्राचार्य डॉ. उपायाय ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सर्वांगीण विकास और देश का अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु अनुशासित पढ़ाई पर जोर दिया एवं छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। वहीं फ्रेशर एंड फेयरवेल पार्टी में उपस्थित छात्र छात्राओं के गीत, संगीत, नृत्य और कविता पाठ से कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाया।

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस कप्तान कोडरमा अनुदीप सिंह के निर्देश पर नवलशाही थाना पुलिस ने शनिवार देर रात्रि को सामकालीन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दो गैर जमानती वारंटी मंटू यादव पिता स्व.अर्जुन यादव व बीरेंद्र यादव पिता महादेव यादव साकिन रायडीह थाना नवलशाही निवासी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। सामकालीन अभियान में थाना प्रभारी नितेश कुमार, एसआई रवि प्रकाश समेत सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।

### सदर अस्पताल कैंपस से मोटरसाइकिल की चोरी

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय में मोटरसाइकिल को चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जहां रविवार को फिर से सदर अस्पताल इमरजेंसी गेट के समीप से एक मोटरसाइकल की चोरी कर ली गयी। जिसं लेकर कोडरमा थाना क्षेत्र के छतरबर निवासी मो एनामुल पिता मो. कूलाम अंसारी ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर बताया कि सदर अस्पताल इमरजेंसी गेट के समीप अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या जेएच12एल-6201 को खड़ी कर इलाज के लिए अंदर गया। जब आधा घंटा के बाद वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी।

### सामाजिक सौहार्द के मसीहा लालू प्रसाद यादव के विचारों से लैश होकर

# युवाओं को आगे आने की जरूरत : अवधेश

### छात्र राजद की बैठक संपन्न, विधानसभा में भाजपा को परास्त करने का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में छात्र राजद के जिलाध्यक्ष जैकी यादव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक का संचालन विक्की सिन्हा व मो. मुबारक ने किया। वहीं युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नौजवानों को जाति-धर्म के नाम पर बांट कर छात्र-युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेला जा रहा है। देश में बेरोजगारी विकराल रूप धारण ले चुकी है, लेकिन बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है, साम्प्रदायिक शक्तियों ने पूंजीवाद का चादर ओढ़कर युवाओं को बांटने की साजिश रचने में ऊर्जा लगा रही है, ऐसी परिस्थिति में सामाजिक न्याय और सामाजिक सौहार्द के मसीहा लालू प्रसाद यादव के विचारों से लैश होकर युवाओं को आगे आने की जरूरत है।

वहीं उन्होंने छात्र युवाओं से आह्वान किया कि कोडरमा का राजनीतिक इतिहास में सामाजिक एकता बनाने में राजद की अहम योगदान है, लेकिन अब राजनीतिक शक्ति बनकर साजिशों को ध्वस्त करने का वक्त आ गया है। वहीं छात्र नेता जैकी यादव ने कहा कि



पिछले 10 सालों से कोडरमा में छात्र हित के मुद्दे को दरकिनार कर दिया गया है। शिक्षा के नाम पर छात्रों को पलायन करना पड़ रहा है। अबरख नगरी में रोजगार के अवसर को लेकर कोई भी ठोस नीति नही बन पाई। कोडरमा के लिए दुर्भाग्य है कि केंद्र में शिक्षा राज्य मंत्री का कार्यकाल और प्रदेश में शिक्षा मंत्री का कार्यकाल संभालने वाली भाजपा कोडरमा के शिक्षा के हालात सुधारने के लिए नाकाम साबित हुई। वहीं उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव में भाजपा को राजद सामाजिक न्याय, सामाजिक सौहार्द नारे के साथ चुनौती देगी और परास्त करेगी। बैठक में दर्जनों छात्र युवाओं ने राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के सामाजिक कार्यो से प्रभावित होकर राजद में आस्था व्यक्त कर सदस्यता ली। मौके पर कंचन यादव, घनश्याम तुरी, महेश यादव, राजेश कुमार, दीपक रजक, अंकित सिंह, पंकज रजक, धीरज गुप्ता, मो. सिकंदर, गोलू साव, राजेश रजक, सोनू गुप्ता, निरंजन गुप्ता, सुदीप आर्या, राजेश सिंह, पंकज यादव, सोनू यादव, अंकित रजक, अंकुश कुमार, अरुण गुप्ता, विवेक यादव, गुंजन मिश्रा, अतुल सिन्हा, अहमद रज़ा, कौशतुब सिंह समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

# साइबर ठगी के पांच आरोपियों को पुलिस ने विशुनपुर में एक अपार्टमेंट से किया गिरफ्तार

**गिरफ्तार अभियुक्त में :** 28 वर्षीय सुनील कुमार पिता सुरेन्द्र प्रसाद, 21 वर्षीय इन्द्रजीत कुमार पिता मनोज साव दोनों शेरापुरा थाना टिकारी जिला गया बिहार निवासी, 20 वर्षीय ललन कुमार पिता प्रकाश यादव, 19 वर्षीय धनंजय कुमार पिता घनश्याम यादव दोनों दुसादी थाना जिला बांका बिहार निवासी, 28 वर्षीय राजेश कुमार दास पिता प्रकाश दास रंगामाटी थाना बलियापुर धनबाद निवासी के नाम शामिल हैं।

**छापेमारी दल में :** थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि निताई चन्द्र साह, तिलैया थाना बब्लु कुमार तकनिकी शाखा व सशस्त्र बल, पैंथर, आरक्षी, तकनिकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर ठगी करने के पांच अपराधियों को तिलैया थाना क्षेत्र के विशुनपुर वार्ड नम्बर एक स्थित गंगोत्री अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार साईबर अपराधी जो ऑनलाईन गेम के माध्यम से ठगी करने का कार्य करते थे, जो उक्त अपार्टमेंट में छिपे हुए थे। प्राप्त सूचना के आलोक में एसपी द्वारा थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तिलैया थाना क्षेत्र के विशुनपुर वार्ड नम्बर एक गंगोत्री अपार्टमेंट में छापामारी किया गया, छापामारी के पश्चात् अपार्टमेंट से



पांच साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अपराधी द्वारा बताया गया कि इनलोगों के द्वारा ऑलनाईन गेम के माध्यम से साधारण व्यक्ति को पैसा जीतने का लालच देकर गेम का आदि बनाते हैं। कुछ दिन वह आम व्यक्ति को पैसा जीतने देते हैं। जब वह गेम में मोटी रकम लगाते हैं तो वह साईट का उपयोग करके धोखाधड़ी कर ठगी करने का काम करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड आदि बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 182/2024 के तहत मामला दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### संघ भवन को गिराने की घटना को माध्यमिक शिक्षक संघ ने की निंदा

**कोडरमा।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया में आयोजित की गयी। बैठक में संघ भवन को जेसीबी से गिराने की घटना की निंदा की गई। संघ भवन का जमीन के निबंधित केवाला के मालिक रामचन्द्र भदानी एवं कृष्णा भदानी से माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा खरीदा गया था, जिसका केवाला संख्या 7457 है। खरीद्गी की तारीख 30 नवम्बर 1994 से ही उक्त भूमि पर माध्यमिक शिक्षक संघ दखलकार चला आ रहा है। साथ ही उक्त जमीन को ईंट एवं सीमेंट से चारों ओर से पक्का चारदीवारी दिया हुआ है तथा एक हॉल का निर्माण किया गया है। तत्काल माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत तिलैया थाना को दिया है।

### 75 वां वन महोत्सव मना

# ऑक्सीजन के लिए पौधे लगाना है जरूरी: भोक्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज प्रांगण में वन महोत्सव मनाया गया। यह वन महोत्सव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा के दक्षिणी प्रमंडल द्वारा 75वां वन महोत्सव मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के उद्योग एवं श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल थे। कार्यक्रम में श्री भोगता ने कहा कि शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हर घर के आंगन हो या चारदीवारी सभी में पौधे जरूर लगाना चाहिए। चुकी कोरोना काल में सबसे अधिक मौत हुई है तो केवल ऑक्सीजन के कारण । इसलिए शुद्ध ऑक्सीजन के लिए जंगल हो या कैंपस सभी में पौधे लगावें और पर्यावरण तथा जलवायु को बचाएं। आज पेड़ों के कट जाने से वर्षा में अधिक गिरावट आ गई है। चुकी जहां अधिक पेड़ पौधे होते हैं वहां वर्षा भी अधिक होती है ऐसे में आज जरूरत है पौधे लगाने की। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय के बच्चियों ने नृत्य कर मंत्री को स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतिम में मंत्री डीडीसी डीएफओ प्रमुख जीप सदस्य सहित अन्य कई आगंतुकों ने टीटी ग्राउंड में पौधे लगाए।पत्रकारों के सवाल पर श्री भोगता ने कहा की ट्रेनिग कॉलेज को पुनः बहाल किया जाएगा।

# इटखोरी के इस मंदिर में है महादेव की अनोखी प्रतिमा

### एक ही लिंग में समाहित हैं 1008 शिवलिंग

पंकज सिंह

**चतरा।** देश भर में 22 जुलाई से श्रावण मास की शुरूआत हो चुकी है। शिवालयों में दर्शन करने की भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। चतरा जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर परिसर में प्राचीन और ऐतिहासिक सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर है। मंदिर के एक शिवलिंग में 1008 छोटे-छोटे शिवलिंग बने हुए हैं। जिसे सहस्त्र लिंगम के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की ख्याति पूरे देश मे है। यहां पूजा-अर्चना करने से 1008 शिवलिंग की पूजा करने के बराबर फल मिलता है। पुरातत्विदों के अनुसार इटखोरी में स्थापित सहस्त्र लिंगम 10वीं शताब्दी का है। प्राचीन आख्यान बताते हैं कि



बाबा सहस्त्र शिवलिंग की प्रतिमा मुक्ति का प्रतीक है। इसकी प्रसिद्धि सुन देश के कोने-कोने से लोग यहां आते हैं। श्रावणी मेले के दौरान देवघर में दर्शन-पूजन के लिए जाने वाले कांवरियों का दल सहस्त्र शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने जरूर जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि भद्रकाली मंदिर स्थित सहस्त्र शिवलिंग एक अद्वितीय शिवलिंग है। ऐसा शिवलिंग दूर-दूर तक के इलाकों में देखने को नहीं मिलता है। क्योंकि करीब पांच फीट ऊंचा एक ही शिवलिंग में 1008 छोटे-छोटे शिवलिंग बने हुए हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है।

**साल भर लगा रहता है भक्तों का तांता :** मंदिर के पुजारी कामेश्वर तिवारी ने बताया कि इस मंदिर में एक बार जल चढ़ाने या फूल चढ़ाने पर 1008 बार जल चढ़ाने फूल चढ़ाने का पुण्य मिलता है। यह अद्भुत शिवलिंग को सहस्त्र लिंगम के नाम से जाना जाता है, जहां साल भर श्रद्धालु आते हैं और पूजा अर्चना करते है।

# बकचौमा मौजा के खाता 2 प्लॉट 76,77 की भूमि पर भू-माफियाओं का अवैध कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित मौजा बकचौमा के खाता 2 के प्लॉट 76 और 77 में लगभग 52 एकड़ भूमि जंगलझाड़ी और प्रतिकदिम पड़ा हुआ है। जहां उक्त खाता प्लॉट की जमीन को कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बना रैयती बताते हुए घर मकान बना रहे हैं। आपको बता दें कि उक्त भूमि के खाता नंबर 2 के प्लॉट नंबर 76 जंगलझाड़ी है। वहीं प्लॉट 77 की भूमि प्रतिकदिम है। दोनों प्लॉटों की भूमि लगभग 52 एकड़ है।जो सरकारी भूमि है। परंतु उक्त भूमि को अधिग्रहण कर फर्जी कागजात बना निजी उपयोग में ला रहे हैं। एक तरफ भूमि नहीं रहने के कारण कई जरूरी दफ्तर से लेकर उपकारा जेल

### अंचल कार्यालय के निर्देशित बोर्ड को दिखा दिए गए ठेंगा



एवं बस स्टैंड नहीं बन पा रहा है। इसके लिए जमीन की चिन्हित करने में आला अधिकारी लगे हुए है। बड़े मजे की बात है कि दो वर्ष पूर्व उक्त जमीन का मामला अखबारों में प्रकाशित होने के बाद अंचल हरकत में आई और आनन फानन में सभी को नोटिस दी गई थी। जहां जांचोपरांत अंचलाधिकारी छूटेश्वर दास द्वारा खरीद बिक्री से लेकर घर मकान बनाने पर प्रतिबंधित लगाते हुए बजाप्ता बोर्ड लगा दिया गया था। जहां उक्त भूमि पर बोर्ड आज भी लगा हुआ है। किंतु हैरत की बात है कि बोर्ड लगाने के बावजूद भी घर मकान बनाना आम बात हो गया है। वहीं अंचल मूकदर्शक बनी हुई है। वैसे में क्या उक्त भूमि को माफियाओं के चंगुल से आजाद किया जाएगा या उन्हीं माफियाओं के हवाले कर दिया जाएगा। एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण को लेकर सख्त है। सभी को लोगों को नोटिस के जरिए अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है। वहीं सरकारी भूमि को लोग कब्जा जमाए बैठे हैं। जिससे उपकारा जेल से लेकर बस स्टैंड एव अन्य जरूरी दफ्तर का कार्य रुका पड़ा है।

**क्या कहते है जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण :** जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर यदि उपकारा जेल या बस स्टैंड बनती है तो लगभग दो सौ बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा वहीं ऑटो चालकों का रोजगार में इजाफा होगा। वैसे में उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर सरकारी कार्य होना चाहिए।जिससे लोगों का रोजगार मिलेगा एवं सिमरिया विकसित होगा।

### दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** नई शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है और इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 'समावेशी शिक्षा' पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूर-दराज के 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। वहीं रिसोर्स पर्सन के रूप में आए अनूप कुमार सिंह एवं चंदन कुमार दुबे ने बहुत ही सरल शब्दों में समावेशी शिक्षा के सिद्धांतों, आवश्यकताओं, इसके लाभ एवं विशेष तौर पर 'समावेशी शिक्षा' के अंतर्गत शिक्षकों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता सकता है, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाया। समावेशी शिक्षा वह पारंपरिक दृष्टिकोण को चुनौती देती है, जिसमें विकलांग या विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों को उनके साथी छात्रों से अलग शिक्षित किया जाता था।

## एक नजर में

### जेपीएस कोडरमा में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

**कोडरमा।** इंदरवा स्थित झारखंड पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चौथे वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 22 से 28 जूलाई 2024 शिक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान, रामलाल दास, जेएसवीएन के सचिव बैजनाथ प्रसाद यादव तथा कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, इंदरवा पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं नवम वर्ग की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान से किया। वहीं श्री रहमान ने कहा कि आज के समय में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान होना बहुत जरूरी है। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों को डिजिटल सम्बंधित ज्ञान दिया गया जैसे आनलाईन फॉर्म फिल अप करना, ऑनलाईन पंजीयन, ऑनलाईन परीक्षा में शामिल होना, विभिन्न एप्प के माध्यम से पैसों का लेन-देन करना, डिजिटल फ्रॉड से बचना आदि, मानव जीवन में रीडिंग-राइटिंग-मैथेमैटिक्स का अहम रोल होता है जिसे लेकर मौलिक ज्ञान की बातें कर विद्यार्थियों को समझाया गया। वहीं विभिन्न प्रकार के खेल कबड्डी, खो-खो, दौड़, शतरंज, लूडो, क्रिकेट, फूटबॉल आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम में स्थानीय लोगों व अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। मौके पर विनोद साव, राजेन्द्र यादव, मेघलाल यादव, अनिल कुमार, तुलसी साव, गुरु इकाबाल सर, अशोक साव, दिलीप सिंह, गोविंद यादव, बबलू राणा, मो.वसीम, सुखदेव राणा, नेश्वरी देवी, मनोज तिवारी, खुशबू ताईबा, उमेश कुमार दास, आलिशा, बिट्ठू कुमार, युवराज राम, शाज़दा बानो, साजिया तरन्नुम, पूजा सिंह, शीतल एक्का, उमा समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आगाज

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित द-रामेश्वर वैली स्कूल के प्रांगण में रविवार को जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। वहीं अतिथियों के स्वागत में द-रामेश्वर वैली स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सबों को मनमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संगीता शर्मा, विशिष्ट अतिथि रो.अध्यक्ष अमित कुमार, रो. कैलाश चौधरी, रो.राजेन्द्र मोदी, द-रामेश्वर वैली स्कूल के डायरेक्टर सह रोटरी कोडरमा के सचिव प्रवीण कुमार, प्राचार्या रश्मि प्रवीण बर्णवाल, ताइक्वांडो जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को खेल की भावना के साथ प्रतियोगिता में खेलने का सुझाव देते हुए शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसे निखारने वाला चाहिए। वहीं उन्होंने ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष की सराहना की और कहा कि बहुत ही सुझबुझ के साथ अशोक कुमार के द्वारा जिला के बच्चों को ताइक्वांडो की शिक्षा प्रदान करते हुए निखारने का काम किया जा रहा है। वहीं जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि आज हो रहे ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिला के लगभग 250 लड़के व लड़कियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रेफरी के रुप में अमर बाउरी, दिलीप कुमार, यमुना पासवान, आकाश स्वर्णकार, ज्योति कुमारी, नीतु कुमारी, रौशन गुप्ता, नयन भट्टाचार्य, ओमप्रकाश चौहान मौजूद थे।

### कामरेड चारु मजूमदार के 52वीं स्मृति दिवस मना

**जयनगर (कोडरमा)।** माले ने पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय महासचिव पार्टी के संस्थापक शाहिद कामरेड चारु मजूमदार की 52वीं बरसी स्मृति दिवस के रूप में पिपचो में दो मिनट मौन रख कर प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। वहीं कामरेड चारु मजूमदार अमर रहे तमाम शहीदों को लाल सलाम के साथ उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। वहीं वक्ताओं ने कहा 2024 के जनादेश की दिशा और भावना से स्पष्ट है मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए देश की जनता ने इंडिया गठबांन को पर्याप्त ताकत दी है, ताकि मोदी सरकार के जन्म विरोधी फैसले पर लगाम लगा सके। वहीं पार्टी को विकास और विस्तार के नए दौर के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुन्ना यादव, असगर अंसारी, अशोक यादव रामचंद्र साव, सुरेंद्र सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

### पत्थलगड़ा में पत्रकार संघ की बैठक, कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने मृत्युंजय

**चतरा।** रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के संतोषी मंदिर प्रांगण में पत्रकार संघ पत्थलगड़ा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पत्रकार मुकीम अंसारी ने की और संचालन प्रखंड सचिव मोहम्मद सिराजुल ने किया। बैठक में जेजेए जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य सह जेजेए के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से जेजेए के प्रखंड कमिटी का गठन किया गया, जिसमें मृत्युंजय कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, सुनील दांगी और अभिषेक सिंह को उपाध्यक्ष, मोहम्मद सिराजुल को सचिव, कैलाश दांगी, मनीष सिंह को उपसचिव, सुजेक सिन्हा को कोषाध्यक्ष, संजय राणा को सोशल मीडिया प्रभारी और सुनील राम को सदस्य मनोनीत किया गया।बैठक के बाद पत्रकारों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। प्रेस क्लब चतरा के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चतरा जिले में पत्रकारों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं और पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि सरकार ने पत्रकारों के हित में कई कानून बनाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रेस क्लब चतरा ने पहले भी वृक्षारोपण कार्यक्रम किया था, जो पूरे जिले में सराहा गया था। इस अवसर पर पत्रकार अशोक साहू, घनश्याम दास और समाजसेवी सेवा निर्मित शिक्षक चमारी राम भी उपस्थित थे।

### अधिक से अधिक फॉर्म-6 जमा करना सुनिश्चित करें: उपायुक्त

**चतरा।** शनिवार की देर शाम उपायुक्त रमेश घोलप ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की ऑनलाइन समीक्षा की और प्रतापपुर एवं हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी के यहां फार्म संग्रहण की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 7 दिनों के अंदर प्रगति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं के लिए काफी संख्या में फॉर्म जमा किए गए थे और बीएलओ द्वारा फॉर्म-6, 7 एवं 8 का निष्पादन शत-प्रतिशत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मृत मतदाताओं को चिह्नित कर उन्हें मतदाता सूची से हटाना, 18 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ना और त्रुटि रहित मतदाता सूची में सुधार करना बहुत जरूरी है।उपायुक्त ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को इसके लिए सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया और जिन बूथों पर सबसे कम फॉर्म जमा हुआ है, वहां के प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर मॉनिटरिंग करते हुए अधिक फॉर्म जमा करने का निर्देश दिया।

### जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**चतरा।** जिले के डीएमएफटी प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र में जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें झारखण्ड सरकार के उद्योग विभाग, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम में मंत्री ने पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी अहम भुमिका है और पंचायतों में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं बनाना और क्रियान्वित करना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं और सभी जन प्रतिनिधियों को क्षेत्र के योग्य लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभान्वित करना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### अनिमियतता बरतने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर में लगाये गये ओपन जिम में ठेकेदार ने काफी अनियमितता बरती है। स्थानीय ग्रामीणों ने उपायुक्त गुमला से उक्त योजना की जांच कराते हुए संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि ओपन जिम ब्लॉक परिसर में लगाया गया है। जिससे लोगों का शरीर स्वस्थ रहे लोग व्यायाम कर सके। लेकिन उक्त योजना में भारी अनियमितता ठेकेदार द्वारा की गई है। अधूरा कार्य कर ठेकेदार द्वारा योजना पूर्ण कर ली गई है। जमीन पर मेट भी नहीं लगाया गया।

### सर्पदंश का शिकार हुआ अधेड़

**लोहरदगा।** जिला के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के जुड़नी में सांप काटने से एक अधेड़ गंभीर हो गया। जिसके बाद अधेड़ को तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर अधेड़ का इलाज किया जा रहा है। अधेड़ की पहचान सेरेंदाग थाना क्षेत्र के जुड़नी गांव निवासी मंगल लोहरा के 40 वर्षीय पुत्र आनंद लोहरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आनंद अपनी पत्नी किरण के साथ खेत में काम करने गया हुआ था इसी दौरान आनंद को सांप ने काट लिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद आनंद की पत्नी किरण देवी ने घरवालों को इसकी जानकारी दी।

### लगातार बारिश से किसानों के चेहरे की लौटी खुशी

**गुमला।** पिछले चार दिनों से हो रहे लगातार बारिश से जिले के किसानों के सुखे चेहरे पर रौनक दौड़ गयी है। क्योंकि बारिश नहीं होने से किसानों के द्वारा खेतों में लगाये गये बिछड़े खराब होने के कगार पर पहुंच गया था। किसानों ने बताया कि पहली बारिश के कुछ दिनों बाद अच्छी बारिश के संकेत मिलने पर वे खेतों पर बिछड़ा लगा दिये थे। लेकिन बीस दिनों तक बारिश नहीं होने से किसानों के चेहर की खुशी गुम हो गयी थी। अब लगातार बारिश होते ही किसान खेतों में धान रोपनी का कार्य आरंभ कर दिये हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा।** जिला के कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव में युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे का कारण घर से पैसे नहीं मिलना बताया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव निवासी शिवदेव भगत के पुत्र 19 वर्षीय लालू उरांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि लालू राम बंगाल में टाइल्स-मार्बल लगाने का काम करता था। वह एक महीने पहले ही बंगाल से अपने गांव वापस लौटा था। लालू ने शनिवार की रात अपनी मां से कुछ पैसे मांगे थे। जब उसकी मां ने रात में उनके पास पैसे नहीं होने की बात कह कर पैसा देने से मना कर दिया तो इसी बीच लालू ने अपने घर के आंगन में ही रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

समझौते पर कांग्रेस पार्टी ने गुमला के तीनों विधानसभा सीटों पर दे दी थी तिलांजलि

# लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अब विधानसभा चुनाव लड़ने की कांग्रेसियों में बह रही है बयार

## गुमला जिला रहा है कांग्रेस पार्टी का गढ़, स्व. कार्तिक उरांव जैसे राष्ट्रीय छवि का नेता गुमला ने कांग्रेस को दिया

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय पार्टी ने झारखंड में महागठबंधन बनने के बाद गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीटों को समझौते के आधार पर तिलांजली दे दी थी। जिसे चुनाव लड़ने की मंशा पाले कई कांग्रेसियों का सपना टूटकर चकनाचूर हो गया था। उस वक्त कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव थे। पार्टी के उस निर्णय से जिले के कांग्रेसी हतप्रभ थे। क्योंकि उनके पास संगठन के लिए करने हेतु कुछ बचा नहीं था। लेकिन अब लोहरदगा संसदीय सीट पर 15 वर्षों के बाद पार्टी को मिले जीत से जिले के कांग्रेसियों में गजब का उत्साह का संचार हुआ है और यह उत्साह अब जिले के तीनों विधान सभा सीटों पर चुनाव लड़ने के चर्मोत्कर्ष तक कांग्रेसियों को पहुंचा दी है। यही कारण है कि गुमला जिले के तीनों विधान सभा सीट से जिले के कांग्रेसी प्रत्याशी की मांग कांग्रेस हाई कमान से कर रहे हैं। देखा जाए तो गुमला जिला कांग्रेस का परंपरागत गढ़ भी रहा है। यहां स्व. कार्तिक उरांव, स्व. सुमित उरांव, स्व.बंदी उरांव जैसे कद्दावर नेता कांग्रेस पार्टी को मिले थे। जिनके नाम से ही वोटों की ब्यार बहने लगती है। उनके नाम से आज भी कई दल अपनी राजनीति रोटी सेक रही है। ऐसी परंपरागत सीट पर समझौता कर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़कर रख दिया था। लेकिन लोकसभा सीट में मिले अप्रत्याशित जीत से कांग्रेसियों में दोगुनी उत्साह का संचार हुआ है और पार्टी के परंपरागत सीट पर फिर से दावेदारी ठोंक कर जहां पार्टी को मजबूती प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। वहीं जिले से विधान सभा में जनप्रतिनिधि भेजने की तैयारी में कांग्रेसी जुट गये हैं। इस बात की सुगबुगाहट भी तेज हो गयी है। क्योंकि जिले के कांग्रेसियों ने बैठक कर अपने मंसूबे से पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। वहीं कांग्रेसियों को यह भी उम्मीद है कि वर्तमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उन्हें न्याय देंगे। क्योंकि राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते महागठबंधन में देखा जाए तो जिले से कम से कम कांग्रेस को दो सीटें जरूर मिलनी चाहिए। लोकसभा का परिणाम देखेंगे तो यह साफ पता चलता है कि कांग्रेस लोहरदगा संसदीय सीट के पांचों विधान सभा क्षेत्रों में विपक्षी दल भाजपा से बहुत आगे है। क्योंकि भाजपा का इस जिले में पूरी तरह से सुपड़ा साफ हो गया है। क्योंकि भाजपा के पास न तो कोई विधायक है और न ही सांसद है। एस समय ऐसा था कि जिले से भाजपा को दो राज्यसभा सदस्य, एक लोकसभा सदस्य तो तीनों विधान सभा सीटों पर कब्जा था। लेकिन समय हमेशा परिर्वतनशील रही है। हवा का रूख कभी इधर तो कभी उधर बदलती रही है। परंतु वर्तमान परिस्थिति देखें तो गुमला जिला में कांग्रेस के पक्ष में हवा बह रही है। अब इस हवा को कांग्रेस पार्टी अपनी ओर कितना मोड़ पाती है यह वक्त ही बताएगा। क्योंकि गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीटों पर फिलहाल झामुमो का कब्जा है और झामुमो भी शायद गुमला के तीनों विधान सभा सीटों पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेगी और शायद ही किसी सीट पर झामुमो समझौता कर पाये।

### फिल्म लोहरदगा के बाद दूसरी बार जिले के वादियों में होगा फिल्म की सूटिंग

**लोहरदगा।** फ्रांस के मशहूर कांस फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म प्रदर्शित करने का अवसर पा चुके लोहरदगा निवासी, बॉलीवुड, नागपुरी, भोजपुरी फिल्म, शॉर्ट फिल्म, डॉक्युमेंट्री, और सीरियल निमार्ता निर्देशक लाल विजय शाहदेव लोहरदगा के मडुवा पाट हिल पर अपनी अगली फिल्म शूट करेंगे। रविवार की सुबह अपने गृह जिला के मडुवा पाट हिल पर अलग-अलग लोकेशन को देखने के बाद उन्होंने कहा कि पर्यटकों और फिल्म की शूटिंग के लिए यह जगह बहुत खूबसूरत है। फिलहाल वह झारखंड बिहार के पारंपरिक गीत संगीत वाले म्यूजिक चैनल लॉन्च करने के साथ-साथ वेब सीरीज और कई फिल्मों के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। भोजपुरी नागपुरी गीत संगीत को इसके मूल स्वरूप में प्रतिष्ठापित करना इनका मकसद है।

# श्रावणी यात्रा का आयोजन

## क्षेत्र के सुख समृद्धि, बेहतर बारिश व शांति को लेकर जलाभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार को श्रावणी यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके तहत विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजा समिति के सदस्यों ने पूर्जा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि,अच्छी बारिश व शांति की कामना की। यात्रा देवी मंदिर परिसर गुमला से प्रारंभ हुई।

इस यात्रा में सभी सदस्य अपने परिवार के साथ सामूहिक रूप से बस द्वारा पहले घाघरा स्थित देवकी धाम पहुंचकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। उसके उपरांत चंदवा स्थित मां उग्रतारा नगर भवानी मंदिर में पूजा अर्चना की। यात्रा में खासकर महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार चातुर्मास में पड़ने वाले सावन के महीने में श्रावणी यात्रा का बड़ा महत्व है। माना जाता है कि इस माह में जलाभिषेक कर भगवान शिव को आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है। इन दिनों भक्त उपवास रखकर शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना करते हैं।

इस श्रावणी यात्रा में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, संजय कुमार, शंभू नारायण चौरसिया, नितेश लाल ,सुदेश सौरभ , जयंत मुखर्जी, किशोर फोगला, संजीव उर्वशी, निर्मल गोयल, प्रियांशु, दीपू खंडेलवाल, महेश गुप्ता ,राजीव कुमार, जयंत मुखर्जी, निर्मल अग्रवाल, द्वारिका मिश्र सुमन, विजय सोनी, बबलू वर्मा एवं महिलाओं में उषा चौरसिया, मंजू अग्रवाल, मीणा मंत्री, विजयलक्ष्मी, डॉक्टर अनुपम कुमारी, रीना साहू, उषा रानी, अर्पिता मुखर्जी, सरला देवी, चांदनी सिंह, पायल सिंह, रश्मि राज, वीणा खंडेलवाल, सीमा कुमारी आदि शामिल थी।

### अपहरण, लूटपाट व जान से मारने की गुमला थाना में शिकायत

**गुमला।** पलामू जिला के उदयपुर गांव निवासी सचिन कुमार सिंह ने गुमला थाना में अपने अपहरण, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश म्की लिखित शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद गुमला पुलिस ने दो युवाकों को हिरासत में लियश है। सचिन कुमार सिंह ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि पलामू जिला अंतर्गत ग्राम उदयपुर का वह निवासी है और रांची में रहकर अपना वाहन भाड़े पर चलाता हूं। बीते शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे रांची रेलवे स्टेशन में गाड़ी खड़ा किया था। तभी दो लोग उसके पास आए और कहा कि मेरी मां सीरियस है उनको रांची लेकर आना है। जिसके बाद गाड़ी को 2700 रुपया में उन लोगों ने बुक किया। दोनों लड़कों में एक गुमला के कसीरा निवासी विजय साहू और दूसरा तिर्रा निवासी अशोक साहू है।

### आजसू पार्टी का युवा एवं नगर कार्यकर्ता सम्मेलन होगा जल्द: नीरू



कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते आजसू नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित हुई ।इसके अलावा जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा आजसू के संयोजक लाल मनीष नाथ शाहदेव, युवा मोर्चा के जिला सह प्रभारी राहुल राजबाला, विजय कुमार, रजत तमेडा, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, युवा नेता पवन प्रजापति, दिग्गज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में यह तय किया गया अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में लोहरदगा नगर कमेटी एवं युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न होगा। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। साथ ही चूल्हा प्रमुख बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई। नगर कमेटी को यह दिशा निर्देश दिया गया की 5 दिनों के अंदर नगर के 23 वार्डों के चूल्हा प्रमुखो की सूची जिला कार्यालय में सौंप देंगे । वहीं बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि इस बार विधानसभा का चुनाव हमें जीतना है। सभी कार्यकताओं से निवेदन है कि तन- मन से लगकर पार्टी का कार्य करेंगे। वहीं जिला मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की चूल्हा प्रमुख बनाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। किंतु कुछ पदाधिकारी और नेता पूरी ऊर्जा के साथ अभी तक कार्यों में नहीं लगे हैं । उन सभी से निवेदन है कि अपनी पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी का कार्य करेंगे।

# प्रकृति संरक्षण के बिना विश्व का अस्तित्व खतरे में है: सतीश

## सेवयोर लाइफ संस्था ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पौधा प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते संस्था के सदस्य

**गुमला।** सेव योर लाइफ संस्था के सदस्यों ने रविवार को भाऊ राव देवरस स्मृति न्यास कार्यालय में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में प्रकृति के संरक्षण हेतु जागरूकता लाना और नई पीढ़ी को प्रकृति के महत्व को बताते हुए उसके संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री देवी सिंह एवं प्रमोद राउत को पौधा प्रदान कर की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पाठक ने कहा कि वैश्विक पटल पर प्राकृतिक संरक्षण एक बहुत बड़ा विषय है। दुनिया आज समझ चुकी है कि प्रकृति संरक्षण के बिना शीघ्र ही विश्व का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा कि प्रकृति संरक्षण तभी हो सकता है जब हम प्रकृति के घटक नदी नाले बन जंगल पशु पक्षी को बिना छेड़छाड़ किए उसका पोषण करें। गुमला को रूरल और अर्बन क्षेत्र के रूप में बांटने वाली नदियों को आज संरक्षण देने की जरूरत है। क्योंकि ये नदियां अब लुप्त होकर नाली बन गई है।

जिसकी साफ सफाई कर उसको उसके मूल स्वरूप में प्रशासन वापस लायें और दोनों तरफ पेड़ लगाकर नदियों को संरक्षित करे। जिससे भविष्य में एंक्रोचमेंट होने की समस्या समाप्त हो जाएगी। यदि प्रशासन ऐसा करती है तो करीब एक लाख पेड़ पर्यावरण को संरक्षित और पोषित करेगी। कार्यक्रम के अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि सेव योर लाइफ संस्था प्रकृति संरक्षण के लिए अच्छा काम कर रही है। जब भी हमारी और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बच्चों की आवश्यकता संस्था को पर्यावरण के लिए पड़ेगी। हम लोग सहयोग करने में पीछे नहीं रहेंगे। जनजाति कार्य प्रमुख प्रमोद राउत ने कहा कि हमारा जनजाति समाज तो प्रकृति पूजक है प्रकृति संरक्षण के लिए जो भी आगे बढ़ेगा हम उनके साथ हैं । इस अवसर पर मनोज कुमार, सनी कुमार, बादल कुमार, रुचिका गुप्ता, खुशी जायसवाल, भवानी कुमार एवं जागृति पांडा आचार्य मुंद्रिका सिंह आदि मौजूद थे।

समाज में समन्वय और सहयोग बढ़ने पर दिया गया बल, महापुरुषों-शहीदों को उचित सम्मान दिलाने पर हुई चर्चा

# शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी सती रूपन कुंवर के नाम पर ट्रस्ट बनाने का प्रस्ताव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नव मनोनित अध्यक्ष को बधाई देते लोग

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक पुराने जिला परिषद सभागार में 28 जुलाई को पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें महासभा जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए उदय शिखर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, डॉ अजय शाहदेव और सत्यजीत सिंह संरक्षक चुने गए।

वही अजय चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, पप्पू सिंह, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव मंटू, और जयंत सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। अमित सिंह, मुकेश देव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, दिलीप सिंह और अमित कुमार सिंह सचिव चुने गए। वही कन्हैया सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए। मौके पर कार्यकारिणी के सदस्यों का भी चुनाव हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदय शेखर ने कहा कि समाज ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है उसे निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बढ़ाना और मजबूती देना ही उनका लक्ष्य है। समाज द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन की बात कही।

बैठक में सामाजिक जनगणना का निर्णय लिया गया। क्षत्रिय महासभा का ट्रस्ट सती रूपन कुंवर के नाम पर बनाने का प्रस्ताव रखा गया। रूपन कुंवर स्वतंत्रता सेनानी बाबू कुंवर सिंह की बहन थीं और लोहरदगा के क्रांतिकारी शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी थीं। ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव जब अंग्रेजों से लड़ते हुए केकरांग घाटी में जब शहीद हो गए थे, तो रूपन कुंवर आज मौजूद ठकुराइन तालाब के पास सती हो गई थी। उनकी स्मृति में मौजूद सती मंदिर को धरोहर के रूप में संरक्षित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा से दूसरे समाज के लोगों को छतरी की तरह बचाया। इस भाव को कायम रखना है। ईश्वर को अवतार लेना पड़ा तो उन्हें क्षत्राणी के गर्भ से जन्म लेना पड़ा। जन्मभूमि,धर्म और समाज के लिए हमारे समाज के लोगों ने हमेशा बलिदान दिया। महाराणा प्रताप के परिवार ने एक हजार साल तक आजादी की लडाई लड़ी। समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए आत्मीयता और सहयोग को बढाने की जरुरत है। मौके पर बलवीर देव ने कहा कि समाज का सदस्य कोई परेशानी में हो तो मिलकर उसकी मदद करने की सोच के साथ काम हो। अमित कुमार सिंह ने कहा कि महापुरुषों-शहीदों को उचित सम्मान मिले। प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने संगठन को सशक्त बनाने, एकजुटता की भावना मजबूत करने और संगठन के कार्य में पारदर्शिता व समर्पण पर जोर दिया। प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और कार्यक्रमों को बढावा देने की बात कही। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व सभी ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित किया।

## एक नजर में

### पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का निर्णय

**गुमला।** महिला आरोग्य समिति की बैठक रविवार को आयुष्मान आरोग्य केंद्र इस्लामपुर में सहिया साय्यदा खातुन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पल्स पोलियो अभियान में आरोग्य समिति के सदस्यों की भागीादरी पर चर्चा की गयी और पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में नगर परिषद पदाधिकारी को शहर के हर वार्ड की समस्या से अवगत कराने, स्वच्छता अभियान पर जोर देने व 21 से 49 वर्ष की बहनों को स्वालंबन योजना के तहत फार्म भरने में सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में कहा गया कि सभी आरोग्य समिति के सदस्य अपने वार्डों में कार्यों को देखेंगी और गडबड़ होने पर उपायुक्त को मामले से अवगत करएंगी।

### औषधीय पौधों से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अद्भूत क्षमता: प्रवीण

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्वावधान में कृषि बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक जिला के मुख्य योग प्रशिक्षक एवं जिला प्रभारी प्रवीण भारती की अध्यक्षता में कई गयी। जिसमें आगामी चार अगस्त को श्रधेय आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर जड़ी बूटी दिवस एवं औषधीय पौधों के गुणधर्म लाभ बताने सहित उनका वितरण एवं आगामी बीस अगस्त को मण्डल स्तरीय सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### सांप के साथ फोटो खींचना महंगा पड़ा युवक को, पहुंचा अस्पताल

**लोहरदगा।** कई बार जरूरत से ज्यादा हिम्मत दिखाना खतरनाक हो जाता है जो आपके लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है। कुछ ऐसा ही लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बीआईडी बसार टोली के रहने वाले स्वर्गीय सुनील साहू के पुत्र संदीप साहू के साथ हुआ है। संदीप एक सपेरा से नाग सांप लेकर गले में टांगने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान अचानक से नाग सांप ने संदीप के हाथ में काट लिया। यह घटना लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कृषि मार्केट के समीप हुई है। वहां पर सपेरा सांपों का खेल दिख रहा था। तभी वहां पर संदीप पहुंचा और उसने सपेरा से नाग सांप लेकर अपने गले में टांगने की कोशिश की। जिसके बाद सांप ने उसे काट लिया। जिससे संदीप की स्थिति गंभीर हो गई। उसके बाद आनन-फानन में संदीप को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गर्म पानी से झुलसने से बच्चा हुआ गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा।** जिला के कुडू थाना क्षेत्र के ननतिलो नवा टोली गांव में गर्म पानी से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसके बाद बालक को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर बालक का इलाज चल रहा है। बालक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुडू थाना क्षेत्र के ननतिलो नवा टोली निवासी विनीत उरांव का दो वर्षीय पुत्र खदिया उरांव घर में ही रखे हुए गर्म पानी में अचानक से गिर गया। जिससे उसका शरीर बुरी तरह से झुलस गया। जिसके बाद बालक को निजी वाहन से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर बालक का इलाज चल रहा है।

### बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर हुई युवक की मौत

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुजनिया बाजार टोली गांव में खेत में काम कर रहे युवक की बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान बाजार टोली निवासी सोमरा उरांव का 19 वर्षीय पुत्र अंकित उरांव के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सदर थाना प्रभारी पुलिस मौके पर दल बल के साथ पहुंच मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जनकारी के अनुसार मृतक युवक अपने खेत में मोटर से चंदा गढ़ा ढोढहा से पानी पटाने का काम कर रहा था इसी दौरान बिलजी तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना के बाद जिले के सदर अस्पताल में युवक का शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### अरकोसा गांव में हुई आजसू पार्टी की बैठक

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की आह्वान यात्रा के तहत सदर प्रखंड लोहरदगा के अरकोसा गांव में बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की चूल्हा प्रमुख बनाने का कार्य आप शीघ्रता से करें ताकि आम जनता की समस्याओं का निदान करने में हम लोग सकारात्मक भूमिका निभा सके और संगठन को भी मजबूत कर पाएंगे। उन्होंने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार जीत दर्ज करनी है और जिस तरह स्व.कमल किशोर भगत ने इस क्षेत्र का विकास किया था उसी तरह मैं भी इस क्षेत्र का विकास करूंगी।

### 23 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद किट का हुआ वितरण

**भंडरा।** भंडरा भौंरो मोड़ स्थित संकुल संगठन कार्यालय परिसर में रविवार को उद्यान विभाग व जेएसएलपीएस संस्था के सौजन्य से 23 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद किट का वितरण किया गया। साथ ही 11 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद के लिए मल्चिंग प्लास्टिक का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि केंचुआ खाद के उपयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी होती है। इससे किसानों के खेतों में फसल की उपज भी बढ़ती है। केंचुआ खाद के उपयोग से किसान बेहतर पैदावार कर सकते है।

### ग्रामीणों ने राशन दुकानदार पर लगाया राशन नहीं देने का आरोप

**भंडरा।** प्रखंड के भीठा गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण को आवेदन देकर गांव के जनवितरण प्रणाली राशन दुकान डीलर मुन्नी देवी पर राशन वितरण मे गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुई राशन दुकानदार मुन्नी देवी पर करवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन मे उपायुक्त को बताया की भीठा फूल महिला मंडल के राशन दुकानदार मुन्नी देवी द्वारा विगत दो वर्षों से राशन मे कटौती की जा रही है। भीठा गांव में लगभग पाँच सौ से अधिक कार्डधारी है। इसके बावजूद लोगों को प्रत्येक महीना टेप्पा ले लिया जाता है और राशन नहीं दिया जाता है।

### महिला के गले से सोने की चैन हुई गायब, थाने में शिकायत

**गुमला।** शहर के सिसई रोड स्थित साप्ताहिक बाजार में शनिवार की शाम सब्जी खरीद रही शांति नगर निवासी उर्मिला देवी नामक एक महिला की सोने की चैन की चोरी कर ली गई। महिला भिंडी की सब्जी खरीद रही थी। तभी दो-तीन महिलाएं उसके अगल-बगल सट कर बैठ गई और वे लोग भी भिंडी चुनने लगे। भिंडी तौलाने के बाद महिला उठना चाही लेकिन भीड़ के कारण उठने में उसे परेशानी हुई। इसके बाद महिला अगल-बगल की औरतों पर चिल्लाई और किसी तरह उठ कर खड़ी हुई। इसके बाद सब्जी वाले को पैसा देकर कुछ दूर चली गई। तभी उसे एहसास हुआ कि उसके गले में चैन नहीं है। उसने अपने गले में हाथ फेरा तो चैन को गायब पाया। यह बात उसने साथ में चल रहे पति को बताई।

## मनिका प्रखंड के चेचेंधा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुरी टोला के चहर दिवारी निर्माण में भारी अनियमितता

# मजदूरों का आरोप मजदूरी भी कम मिल रही है

➲ **आठ और दस एमएम के छड़ से कलम का निर्माण, 16 तगाड़ी बालू में दो तगाड़ी सीमेंट मिलाकर बांगला ईंट से जुड़ाई**



निर्माण कार्य में लगाए गए बांगला ईंट व कलम में 8 और 10 एमएम का छड़।



जानकारी देते मजदूर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत अंतर्गत ग्राम चेचेंधा स्थित तुरी टोला के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में एन.आर.ई.पी.विभाग लातेहार के द्वारा चार दिवारी के निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। जहां पर चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए बनाए जा रहे कलम की बुनियाद तो कम है ही लेकिन आठ और दस एमएम के छड़ से कलम का निर्माण करवाया जा रहा है और सोलह तगाड़ी बालू में दो तगाड़ी सीमेंट मिलाकर बांगला ईंट से दीवार की जुड़ाई करवाई जा रही है। जहां पर साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एस्टीमेट के अनुसार कोई भी काम नहीं किया जा रहा है। मौके पर कार्यस्थल पर काम कर रहे मिस्त्री और मजदूरों ने बताया कि संवेदक और मुंशी के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उसी के अनुसार हम लोग काम कर रहे हैं। कलम की ढलाई सोलह तगाड़ी बालू, आठ तगाड़ी छरी व दो तगाड़ी सीमेंट मिलाकर और दीवार की जुड़ाई सोलह तगाड़ी बालू व दो तगाड़ी सीमेंट मिलाकर करने को बोला गया है। जबकि अन्य मिस्त्रियों ने बताया कि बारह तगाड़ी बालू में दो तगाड़ी सीमेंट मिलाकर दीवार की जुड़ाई करने से मजबूती होती है। वहीं मजदूरों ने कहा कि चिमनी और बांगला दोनों ईंट मिक्स करके दीवार की जुड़ाई की जा रही है। मौके पर काम कर रहे हैं मजदूरों ने संवेदक के ऊपर कम मजदूरी देने का आरोप लगाते हुए कहा कि काम से पहले बोला गया था कि पुरुष को चार सौ रूपए और महिला मजदूर को तीन सौ रूपए मजदूरी दी जाएगी लेकिन अभी पुरुष को तीन सौ रूपए और महिला को दो सौ पच्चास रूपए मजदूरी दिया जा रहा है। जबकि सरकारी प्रावधान के तहत मजदूरों को 400.86 रुपए मजदूरी का भुगतान करना है।

### शिक्षक ही कर रहे मुंशी का काम

मौके पर तुरी टोला गांव के ग्रामीणों ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षक के ऊपर मुंशी का काम करने का आरोप लगाते हुए बताया कि विद्यालय में एक ही शिक्षक है लेकिन चार दिवारी निर्माण के कार्य में शिक्षक रूपन यादव और संतोष कुमार दोनों मिलकर मुंशी का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग बोलते हैं कि आप बच्चों को पढ़ाओ लेकिन रूपन यादव हम लोगों का नहीं सुनते हैं। मौके पर मजदूर हरेश्वर तुरी, संगीता देवी,केशव यादव, मिस्त्री मोहन यादव, ग्रामीण प्रसाद तुरी, छठन तुरी, समेत कई अन्य मजदूर उपस्थित थे।

### क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता

वहीं मामले के विषय में एन.आर.ई.पी.विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह को जब अवगत करवाया गया तो उन्होंने कहा कि जेई को कार्यस्थल पर भेज कर निर्माण कार्य का जांच करवाया जाएगा और जांच उपरांत एस्टीमेट के अनुसार काम नहीं होने पर चार दिवारी को तोड़कर फिर से निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। वहीं कम मजदूरी के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकारी दर के अनुसार सभी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान होना चाहिए अगर मजदूरों को कम मजदूरी दी जा रही है तो इसमें संवेदक की गलती है।

## स्पीड न्यूज

### महुआडांड़-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग दे रहा दुर्घटनाओं को आमंत्रण



सड़क के किनारे पड़ा दरार।

**गारू।** मेदिनीनगर-मुख्य पथ पर बारेसांढ़ के तिरिया नाला जंगल के पास सड़क किनारे बरसाती गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। पहली बारिश में पानी से सड़क एवम सड़क के किनारे मिट्टी का कटाव जारी है। जिसके कारण कई जगहों पर सड़क के किनारे बड़े गड्ढा हो गया है। कई बार तो दोनों तरफ आने वाले वाहनों को घाटी से निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, में जगह कम होने से साइड नहीं मिलता फलस्वरूप कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। ज्ञात हो कि सड़क के किनारे पानी के निकासी की ओर ध्यान नही देती तो घाटी में लिए नाली का निर्माण नही कराया गया है। जिसके कारण घाटी में कोई बड़ी दुर्घटना होने की सम्भवना हैं।

### मांग पूरी नही होने पर सीसीएल का कार्य बाधित करेंगे विस्थापित



बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड की एक बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष सुरेश उरांव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर बोलते हुए सुरेश उरांव ने कहा कि श्रमिक सहयोग समिति के बैनर तले पिछले वर्ष 22/03/2023 को सीसीएल को विस्थापितो द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था कि विस्थापितो को नौकरी, मुआवजा,पुनर्वास समेत रोजगार से जोड़ने की सुविधा प्रदान की जाए। लेकिन सीसीएल द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया गया है। जिससे विस्थापितो में असंतोष व्याप्त है। अगर हम लोगों की मांगों को सीसीएल द्वारा जल्द पूरा नहीं किया जाता है। तो हम लोग सीसीएल का सारा कार्य बाधित कर देंगे। जिसकी सारी जवाब देही सीसीएल की होगी। मौके पर सुरेश उरांव, बिहारी यादव, टेकलाल तुरी, देवनारायण यादव, जितेंद्र तुरी, भुनेश्वर यादव, प्रदीप यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चंदवा मंडल के कई बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ता



**चंदवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 112 वें एपिसोड को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के बाद यह उनका दूसरा और केंद्रीय बजट 2024-25 पेश होने के बाद पहला संबोधन था। चंदवा मंडल अंतर्गत विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़े व पीएम मोदी के संबोधन को सुना, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व आम लोग खेतो में कामकाज के दौरान भी उत्सुकता के साथ मन की बात कार्यक्रम से जुड़ते दिखे। बता दे कि अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है, ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइएं और चीयर फॉर भारत मुहिम चलाएं, इसके अलावे आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किस मुद्दे पर बात की जाए इसको लेकर लोगो से सुझाव भी मांगा। कार्यक्रम से जुड़ने वालो में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, आशीष सिंह, देवमणि वैद्य, दीपक निषाद, सुनील मुंडा, राजेश यादव, अनिल यादव, शिकेश्वर यादव, मनोज पाठक, हीरामणि देवी, वीरेंद्र प्रसाद, मो साजिद उर्फ धनु खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता व अन्य शामिल हैं।

### अभियंता ने लिया विद्युत सबस्टेशन का जायजा

➲ **बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश**

➲ **200 यूनिट फ्री बिजली योजना की दी जानकारी, लाभ उठाने की अपील की**

**चंदवा।** विद्युत विभाग के सहायक अभियंता रविवार को चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने विद्युत सब स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्थानीय कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिए। इस संबंध में उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विद्युत विपत्र वसूली के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है, देखा जा रहा है की चंदवा प्रखंड में बड़ी मात्रा में बिजली का बिल बकाया है, जिस कारण निर्वाण रूप से बिजली आपूर्ति करने में कठिनाइयां उत्पन्न होती है, उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में वैसे उपभोक्ता जिनका 10000 एवं ग्रामीण क्षेत्र में जिन उपभोक्ताओं का 5000 रुपये विपत्र बकाया है, अभियान चलाकर उनका कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परेशानी एवं कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए उन्होंने ऐसे तमाम उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द बिल जमा करने की अपील की है। इसके अलावे उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 200 यूनिट फ्री बिजली देने की योजना लाई गई है इस योजना का लाभ उन्हें उपभोक्ताओं को मिलेगा जिनके घर में मीटर लगा है एवं जिनके यहां 200 यूनिट से कम बिजली खर्च की गई है जुलाई महीने से यह योजना शुरू है। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ लेने की अपील भी की है बताते चले कि रविवार को अभियान चलाकर शहरी क्षेत्र में कल 40 उपभोक्ताओं का बकाया बिल को लेकर विद्युत संबंध काट दिया गया है। अभियान में सब स्टेशन इंचार्ज सुनील कुमार के अलावे सभी विद्युतकर में लगे हैं।

# डिस्ट्रीक्ट लेवेल वर्कशॉप ऑन एमएसीटी कार्यशाला का हुआ आयोजन




कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नयी दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कॉन्फ्रेंस हौल, एसपी आंफिस, लातेहार में डिस्ट्रीक्ट लेवेल वर्कशॉप ऑन एमएसीटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वाति विजय उपाध्याय सिविल जज 3 सीनियर डिवीजन, शिवम चौरसिया सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार, अजय कुमार रजक अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार संजीव कुमार मिश्रा डीएसपी हेडक्वार्टर लातेहार एवं अन्य पदाधिकारीयों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने एमएसीटी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी कोई दुर्घटना घटित होती है तो प्राथमिकता के तौर पर दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास होना चाहिए। दुर्घटना से प्रभावीत पीड़ित परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है, ऐसे मे पुलिस इन्वेस्टिगेशन निर्धारित समय सीमा के अंदर सारे दस्तावेज संबंधित न्यायालय को सौंप दे ताकि आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर पीडित परिवार को न्याय दिला सके एवं समुचित मुआवजा की राशि का आकलन भी एमएसीटी किया जा सके। इस संदर्भ में अधिक से अधिक जागरुकता फैलाने पर जोर दिया गया। संजीव कुमार मिश्रा डीएसपी हेडक्वार्टर लातेहार ने इस तरह के कार्यशाला का आयोजन की सराहना की है और कहा कि इससे दुर्घटना पीड़ितों को समुचित राहत प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर जिले के एलएडीसी, सभी थाना प्रभारी एवं डीएलएसए के पारा लिगल वॉलेन्टीयर मौजुद थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार एवं जिला प्रशासन पदाधिकारियों कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से एमएसीटी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफल अयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षण सप्ताह कार्यक्रम के तहत ग्रीन फील्ड ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली




पौधरोपण करते लोग।

**चंदवा।** शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण सप्ताह कार्यक्रम के तहत स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी परिसर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इसका नेतृत्व निदेशक अरविंद कुमार सिंह, आनंदी सोरेन, आराधना सिंह एवं प्राचार्य यू एन कपूर संयुक्त रूप से कर रहे थे। विद्यालय परिसर से निकलकर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक सरोज नगर होते बुध बाजार से मेन रोड पहुंचे। इस दौरान बच्चे पर्यावरण सुरक्षा को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। उनके हाथों में वृक्ष लगाने पेड़ पौधे बढ़ाने व स्वच्छता को को लेकर तख्तियां थी। सभी लोग मेन रोड होते थाना परिसर पहुंचे। यहां पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर में पौधारोपण किया। यहां से निकलकर लोग इंदिरा गांधी चौक होते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पहुंचे।अस्पताल परिसर में भी कई पौधे लगाए गए। यहां चिकित्सक डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा के नेतृत्व में शिक्षकों एवं बच्चों ने मिलकर पौधारोपण किया। प्राचार्य श्री कपूर ने कहा कि शिक्षण सप्ताह के तहत विद्यालय में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। आज जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जल संरक्षण पेड़ पौधे की रक्षा करना एवं पेड़ पौधे लगाकर प्रकृति को बचाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। मौके पर शिक्षक रंजन शर्मा, विवेक कुमार,अमर कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# तीन दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



पुरस्कार लेते विजेता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के सांस्कृतिक कला केंद्र में झारखंड, बिहार और बंगाल के स्कूलों से आए 11 नवोदय विद्यालय के 52 प्रतिभागियों के बीच तीन दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय लातेहार के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह थे। मुख्य अतिथि का स्वागत पारंपरिक नागपुरी नृत्य और गीत के साथ किया गया एवं बालिकाओं के द्वारा आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत वक्तव्य प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारियों और अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद माइग्रेशन से आए आसाम की बच्चियों ने बिहू नृत्य प्रस्तुत किया। आसामी नृत्य के द्वारा बच्चियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद नागपुरी नृत्य दसवीं कक्षा की बच्चियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

**कार्यक्रम में विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल से किया गया पुरस्कृत**

जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार की टीम चैंपियन रही। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित 25 प्रतिभागियों में लातेहार नवोदय विद्यालय से 12 बच्चों का चयन हुआ। मुख्य अतिथि शैलेंद्र पताप सिंह ने अपने वक्तव्य के दौरान बताया की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वे भी जौनपुर नवोदय विद्यालय के छात्र रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र, बी के दुबे, संदीप ओझा, एस अंसारी, राम व्यास पटेल,सुकेश कुमार, पूनम खलखो, तरूण कुमार,बरखा बारला एवं अन्य निर्णायक दल के सदस्य तथा विभिन्न विद्यालयों से आए हुए स्काट शिक्षक एवं सभी बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा खेल शिक्षक एस एस यादव और करण कुमार राउत ने बनाई। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु गढ़वा के कुश्ती प्रशिक्षक अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। सुमंत कुमार साव ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल लातेहार के डॉक्टर और कर्मचारियों के द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालय के प्रांगण में प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया था। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत ने प्रस्तुत किया।

### डायवर्सन में फंसकर ट्रक पलटा



पलटा ट्रक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ निर्माण का कार्य कर रहे उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया गया डायवर्सन में कई गाड़ियां फस जा रही है और दुर्घटना का शिकार हो जा रही है। शनिवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम के पास एक कोयला लदा ट्रक डायवर्सन में अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में ड्राइवर और खलासी को मामूली चोट आई है। जिससे बालूमाथ खलारी पथ पर लंबा जाम लग गया। इसके बाद सुबह क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकल गया तब परिचालन शुरू हो पाया। ज्ञात हो की बालूमाथ खलारी मुख्य पथ का कार्य कर रहे उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता के देखने को मिल रही है। सड़क निर्माण कार्य में डायवर्सन को पिच नहीं बनाया गया है। जिस कारण डायवर्सन कीचड़ नुमा हो गया है और उसमें फंसकर गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जा रही है।

### पांकी विधायक शशिभूषण मेहता द्वारा बेरहमी से मारपीट को लेकर कुम्हार प्रजापति संघ ने बैठक कर किया निंदा



निंदा करते संघ के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत के गड़गोमा ग्राम में अजित प्रजापति की अध्यक्षता मे झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से पांकी विधानसभा के विधायक शशि भूषण मेहता द्वारा पलामू प्रमंडल अंतर्गत प्रजापति समाज के एक व्यक्ति को बेरहमी से मारपीट किया गया जिसके बाद प्रजापति समाज द्वारा पांकी विधायक शशिभूषण मेहता का बहिस्कार किया। पांकी विधायक द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने को लेकर प्रजापति समाज के लोगो ने कड़ी निंदा करते हुए कहा किसी को भी कानून के खिलाफ कार्य करने का अधिकार नही है। जो घटना हुआ इससे प्रजापति समाज मे काफी रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार को उचित न्याय नही मिलने पर उग्र आंदोलन करने का विचार बिमर्श किया गया ताकि इस तरह का निंदनीय घटना प्रजापति समाज के साथ न हो। साथ ही के कुछ दिन पूर्व विधानसभा का चुनाव होना है इसकी भी चर्चा किया गया। कुम्हार समाज किसी का बंधुवा मजदूर नही है जो प्रजापति समाज के हित की बात करेगा समाज उसका साथ रहेगा। वर्तमान मे कुम्हार समाज के साथ बेरहमी मारपीट करने वाले पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं कहा की यदि गरीब असहाय अनजाने मे कानून को अपने हाथ मे ले लेता है तो उसपर तुरंत कार्रवाई होता है. कानून अधिकार सबके लिए बराबर है। लेकिन पांकी विधानसभा सभा के विधायक पर कानूनी कार्रवाई करने मे स्थिरता क्यों? मौके पर झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के सचिव सोनू प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, कार्यालय मंत्री डॉ रणधीर प्रजापति, फुलसू पंचायत अध्यक्ष बिनेश्वर प्रजापति, एवम् सचिव संदीप प्रजापति, दिनेश प्रजापति, आदित्य प्रजापति, मनीष प्रजापति, देवनारायण प्रजापति, शंभू प्रजापति, रूपेश प्रजापति, बिनोद प्रजापति, सारो देवी, राधिका देवी तथा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मोजूद रहे।

# भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सुनी समस्या



समस्या सुनते चेतलाल रामदास।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने डीही मुरूप गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क अभियान के दौरान आसपास के काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष ने रामदास को सहयोग करने की बात कही। वहीं आम ग्रामीण जनता ने अपने क्षेत्र के समस्याओं को चेतलाल रामदास को सुनाया। ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराते हुए डिही मुरुप की ग्रामीणों ने अपना दर्द बताते हुए कहा कि हमलोगों के क्षेत्र मे डीबीसी अम्बे कंपनी द्वारा रोड कंस्ट्रक्शन का प्रस्ताव रखा गया है। रोड कन्ट्रक्शन द्वारा हमारे घरों को तोड़कर गांव के मध्य से रास्ता निकालने की बात कही है। डीबीसी कंपनी का कहना है कि हम रोड यहीं से निकालेंगे। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की गांव के दोनों ओर से अच्छा रास्ता और सुनिश्चित रास्ता देने के लिए पुरे ग्रामीण जनसंख्या तैयार है। लेकिन हम सभी ग्रामीणों की बात को अनदेखा किया जा रहा है। अगर यह रोड गांव के मध्य से निकलता है तो इसमें यहां निवास करने वाले ग्रामीण जनता को भारी नुकसान होगा। ग्रामीणों ने इस रोड को गांव के मध्य से ना निकाल कर दूसरी ओर से निकालने की बात अवगत कराया ताकि गांव की ग्रामीण जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। लोगों का कहना है कि हमारे यहां से भारी संख्या में बच्चे बच्चियां बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं। गांव के मध्य से सड़क निर्माण किये जाने से हमेशा दुर्घटना का सम्भावना बनी रहेगी। इसपर ग्रामीणों को भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा की ग्रामीणों की मांग जायज है। लातेहार पाँचवी अनुसूचित मे आता है ग्रामीणों की सहमति और ग्राम सभा प्राथमिकता होती है। उपायुक्त से समस्या समाधान के लिए आग्रह करेंगे। इधर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम 112 एपिसोड सुनने के बाद चेतलाल रामदास ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को कहा की प्रधानमंत्री की मुख्य विषय गणित के विद्यार्थियों से वार्ता की है। छात्रों को गणित के प्रति लगाव रखने की बात कहा तथा मोदी जी ने आज के कार्यक्रम मे विद्यार्थियों को बेहतर पटल मिले उसे लेकर उनकी नीतियों से हम सभी प्रभावित हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि जब यूथ मजबूत तो देश मजबूत, इसी कड़ी में जब हमारा छात्र मजबूत होगा तो हमारे देश की हर व्यवस्था में भाग लेने वाला व्यक्ति आगे बढ़ेगा।

